60

C.S(P)-2010

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO**

**T.B.C. : N-DTQ-K-RQU** **Test Booklet Series**

**Serial No.**

52441 # TEST BOOKLET

**A**

## POLITICAL SCIENCE

**Time Allowed : Two Hours** **Maximum Marks : 300**

### INSTRUCTIONS

1. IMMEDIATELY AFTER THE COMMENCEMENT OF THE EXAMINATION, YOU SHOULD CHECK THAT THIS TEST BOOKLET *DOES NOT* HAVE ANY UNPRINTED OR TORN OR MISSING PAGES OR ITEMS, ETC. IF SO, GET IT REPLACED BY A COMPLETE TEST BOOKLET.
2. ENCODE CLEARLY THE TEST BOOKLET SERIES **A, B, C** OR **D** AS THE CASE MAY BE IN THE APPROPRIATE PLACE IN THE ANSWER SHEET.
3. You have to enter your Roll Number on the Test Booklet in the Box provided alongside. *DO NOT* write *anything else* on the Test Booklet.
4. This Test Booklet contains **120** items (questions). Each item is printed both in **Hindi** and **English**. Each item comprises four responses (answers). You will select the response which you want to mark on the Answer Sheet. In case you feel that there is more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case, choose *ONLY ONE* response for each item.
5. You have to mark all your responses *ONLY* on the separate Answer Sheet provided. See directions in the Answer Sheet.
6. All items carry equal marks.
7. Before you proceed to mark in the Answer Sheet the response to various items in the Test Booklet, you have to fill in some particulars in the Answer Sheet as per instructions sent to you with your Admission Certificate.
8. After you have completed filling in all your responses on the Answer Sheet and the examination has concluded, you should hand over to the Invigilator *only the Answer Sheet*. You are permitted to take away with you the Test Booklet.
9. Sheets for rough work are appended in the Test Booklet at the end.
10. **Penalty for wrong answers :**
    THERE WILL BE PENALTY FOR WRONG ANSWERS MARKED BY A CANDIDATE IN THE OBJECTIVE TYPE QUESTION PAPERS.
    (i) There are four alternatives for the answer to every question. For each question for which a wrong answer has been given by the candidate, **one-third (0·33)** of the marks assigned to that question will be deducted as penalty.
    (ii) If a candidate gives more than one answer, it will be treated as a **wrong answer** even if one of the given answers happens to be correct and there will be same penalty as above to that question.
    (iii) If a question is left blank, i.e., no answer is given by the candidate, there will be **no penalty** for that question.

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO**

ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के पिछले पृष्ठ पर छपा है।

*Directions* :

The following **four (4)** items consist of two statements, Statement I and Statement II. You are to examine these two statements carefully and select the answers to these items using the code given below :

*Code* :

*(a)* Both the statements are individually true and Statement II is the correct explanation of Statement I

*(b)* Both the statements are individually true but Statement II is ***not*** the correct explanation of Statement I

*(c)* Statement I is true but Statement II is false

*(d)* Statement I is false but Statement II is true

**1.** Statement I :

Sovereignty, as a socially constructed principle, has always been at odds to varying degrees with reality, and it has been threatened and intensified in recent decades. Yet, it is the basis on which the inter-State system exists and is defined.

Statement II :

In terms of real flows of economic activity, Nation-States have already lost their role as meaningful units of participation in the global economy of today's borderless world.

**2.** Statement I :

A vigorous and healthy civil society is usually regarded as an essential feature of liberal democracy.

Statement II :

In the liberal view, civil society is identified as a realm of choice, personal freedom and individual responsibility.

**3.** Statement I :

The UK Civil Service is well-known for its ability to assert continuity against every kind of radical reform.

Statement II :

Activities of administrators impose a continuity on successive governments which has an effect similar to that of an unwritten constitution.

**4.** Statement I :

The Prime Minister of India can exercise control over other branches of government through a coterie of advisors.

Statement II :

The Prime Minister and his Cabinet function on the basis of collective responsibility.

**निर्देश :**

निम्नलिखित **चार (4)** प्रश्नांशों में दो कथन हैं, कथन I और कथन II. इन दोनों कथनों का सावधानीपूर्वक परीक्षण कीजिए और इन प्रश्नांशों के उत्तर नीचे दिए गए कूट की सहायता से चुनिए :

**कूट :**

*(a)* दोनों कथन व्यष्टितः सत्य हैं और कथन II, कथन I का सही स्पष्टीकरण है

*(b)* दोनों कथन व्यष्टितः सत्य हैं, किन्तु कथन II, कथन I का सही स्पष्टीकरण **नहीं** है

*(c)* कथन I सत्य है, किन्तु कथन II असत्य है

*(d)* कथन I असत्य है, किन्तु कथन II सत्य है

**1.** कथन I :

सामाजिकतः संरचित सिद्धान्त के रूप में सम्प्रभुता यथार्थ के साथ परिवर्ती मात्राओं में सदैव विषमता में रही है, और हाल के दशकों में इसे आशंकित और गहन किया गया है। तथापि, यही वह आधार है जिस पर अन्तर्राज्य व्यवस्था अस्तित्व में है और परिभाषित होती है।

कथन II :

आर्थिक कार्यों के वास्तविक प्रवाह के आधार पर, आज के सीमाहीन विश्व की वैश्विक अर्थव्यवस्था में सहभागिता की सार्थक इकाइयों के रूप में राष्ट्र-राज्य पहले ही अपनी भूमिका खो चुके हैं।

**2.** कथन I :

एक ओजस्वी और स्वस्थ सिविल समाज को प्रायः उदार लोकतंत्र का एक आवश्यक लक्षण माना जाता है।

कथन II :

उदार दृष्टिकोण में सिविल समाज को विकल्प, वैयक्तिक स्वतंत्रता और व्यक्तिगत दायित्व के क्षेत्र के रूप में माना जाता है।

**3.** कथन I :

यू० के० सिविल सेवा हर प्रकार के आमूल सुधार के विरुद्ध निरन्तरता पर बल देने की योग्यता के लिए सुख्यात है।

कथन II :

प्रशासकों के कार्य आनुक्रमिक सरकारों पर एक ऐसी निरन्तरता अधिरोपित करते हैं, जिसका प्रभाव एक अलिखित संविधान के समान होता है।

**4.** कथन I :

भारत का प्रधानमंत्री, सलाहकारों के एक अन्तर्गुट के माध्यम से शासन की अन्य शाखाओं पर नियंत्रण कर सकता है।

कथन II :

प्रधानमंत्री और उसका मंत्रिमण्डल सामूहिक उत्तरदायित्व के आधार पर कार्य करते हैं।

*Directions* :

The following **eight (8)** items are based on the Table given below. You are to match List–I with List–II, List–III and List–IV, and select the correct answer using the code given below the Lists :

| *List–I (Concept)* | *List–II (Author)* | *List–III (Book)* | *List–IV (Idea in the book)* |
|---|---|---|---|
| A. The Long March | I. C. I. Barnard | 1. *The Eighteenth Brumaire of Louis Bonaparte* | i. Ten major contradictions |
| B. Neo-human relations | II. Mao Tse-tung | 2. *India Today* | ii. Mutual trust |
| C. Paris Commune | III. R. P. Dutt | 3. *New Democracy* | iii. Democratic centralism |
| D. Decadent colonialism | IV. Karl Marx | 4. *The Functions of the Executive* | iv. Importance of national interests |
| E. Social capital | V. Hans Morgenthau | 5. *Democracy in America* | v. Bounded rationality |
| F. Design activity | VI. Alexis de Tocqueville | 6. *Politics among Nations* | vi. Organization as a cooperative system |
| G. Political realism | VII. V. I. Lenin | 7. *Administrative Behaviour* | vii. Relative autonomy |
| H. Socialism in one country | VIII. Herbert A. Simon | 8. *The State and Revolution* | viii. Rise of labour and socialism |

**5.**

| | *List–I* | *List–II* | *List–III* | *List–IV* |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | A | II | 3 | i |
| *(b)* | B | IV | 5 | vi |
| *(c)* | A | II | 1 | iii |
| *(d)* | B | IV | 1 | vi |

**6.**

| | *List–I* | *List–II* | *List–III* | *List–IV* |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | C | IV | 1 | viii |
| *(b)* | D | III | 2 | vi |
| *(c)* | C | IV | 1 | vii |
| *(d)* | D | III | 2 | v |

**7.**

| | *List–I* | *List–II* | *List–III* | *List–IV* |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | E | VI | 4 | ii |
| *(b)* | F | VIII | 7 | iii |
| *(c)* | E | VI | 5 | ii |
| *(d)* | F | VII | 8 | iii |

**8.**

| | *List–I* | *List–II* | *List–III* | *List–IV* |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | G | V | 6 | iv |
| *(b)* | H | VII | 3 | viii |
| *(c)* | G | V | 4 | vi |
| *(d)* | H | VII | 8 | i |

**निर्देश :**

निम्नलिखित **आठ (8)** प्रश्नांश नीचे दी गई सारणी पर आधारित हैं। सूची–I को सूची–II, सूची–III एवं सूची–IV से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| **सूची–I (संप्रत्यय)** | **सूची–II (लेखक)** | **सूची–III (पुस्तक)** | **सूची–IV (पुस्तक में विचार)** |
|---|---|---|---|
| A. लम्बी यात्रा | I. सी० आइ० बर्नार्ड | 1. *दि एटीन्थ ब्रुमेयर ऑफ लुई बोनापार्ट* | i. दस मुख्य विरोधाभास |
| B. नव-मानव सम्बन्ध | II. माओ-त्से तुंग | 2. *इण्डिया टुडे* | ii. पारस्परिक विश्वास |
| C. पेरिस कम्यून | III. आर० पी० दत्त | 3. *न्यू डेमोक्रेसी* | iii. लोकतांत्रिक केन्द्रवाद |
| D. ह्रासोन्मुख उपनिवेशवाद | IV. कार्ल मार्क्स | 4. *द फंक्शन्स ऑफ दि एक्ज़ीक्यूटिव* | iv. राष्ट्रीय हितों का महत्त्व |
| E. सामाजिक पूँजी | V. हैंस मारगेनथो | 5. *डेमोक्रेसी इन अमेरिका* | v. परिबद्ध बौद्धिकता |
| F. अभिकल्प क्रियाकलाप | VI. एलेक्स दे तॉकविले | 6. *पॉलिटिक्स अमंग नेशन्स* | vi. सहकारी व्यवस्था के रूप में संगठन |
| G. राजनीतिक यथार्थवाद | VII. वी० आइ० लेनिन | 7. *एड्मिनिस्ट्रेटिव बिहेवियर* | vii. सापेक्ष स्वायत्तता |
| H. एक देश में समाजवाद | VIII. हर्बर्ट ए० साइमन | 8. *द स्टेट एण्ड रिवोल्यूशन* | viii. श्रम का उदय और समाजवाद |

**5.**

| | **सूची–I** | **सूची–II** | **सूची–III** | **सूची–IV** |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | A | II | 3 | i |
| *(b)* | B | IV | 5 | vi |
| *(c)* | A | II | 1 | iii |
| *(d)* | B | IV | 1 | vi |

**6.**

| | **सूची–I** | **सूची–II** | **सूची–III** | **सूची–IV** |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | C | IV | 1 | viii |
| *(b)* | D | III | 2 | vi |
| *(c)* | C | IV | 1 | vii |
| *(d)* | D | III | 2 | v |

**7.**

| | **सूची–I** | **सूची–II** | **सूची–III** | **सूची–IV** |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | E | VI | 4 | ii |
| *(b)* | F | VIII | 7 | iii |
| *(c)* | E | VI | 5 | ii |
| *(d)* | F | VII | 8 | iii |

**8.**

| | **सूची–I** | **सूची–II** | **सूची–III** | **सूची–IV** |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | G | V | 6 | iv |
| *(b)* | H | VII | 3 | viii |
| *(c)* | G | V | 4 | vi |
| *(d)* | H | VII | 8 | i |

9.

| | List–I | List–II | List–III | List–IV |
|---|---|---|---|---|
| (a) | B | I | 6 | iv |
| (b) | C | IV | 7 | i |
| (c) | B | I | 4 | vi |
| (d) | C | IV | 7 | ii |

10.

| | List–I | List–II | List–III | List–IV |
|---|---|---|---|---|
| (a) | D | III | 2 | viii |
| (b) | E | VI | 5 | v |
| (c) | D | III | 8 | ii |
| (d) | E | V | 5 | vi |

11.

| | List–I | List–II | List–III | List–IV |
|---|---|---|---|---|
| (a) | F | VIII | 2 | vii |
| (b) | G | V | 6 | vi |
| (c) | G | VI | 4 | iv |
| (d) | F | VIII | 7 | v |

12.

| | List–I | List–II | List–III | List–IV |
|---|---|---|---|---|
| (a) | A | I | 2 | iii |
| (b) | H | VII | 8 | iii |
| (c) | A | II | 1 | iii |
| (d) | H | V | 8 | iii |

**13.** It is recognized that citizenship normally integrates diverse groups through a shared identity. Which one of the following will militate against this principle of citizenship?

*(a)* Uniform civil code

*(b)* Dual citizenship

*(c)* Universal suffrage

*(d)* Freedom of speech and expression

**14.** Which one of the following is ***not*** considered as a threat to the concept of absolute sovereignty of the State?

*(a)* Globalization and its diverse forms of supra-territorialism

*(b)* Associations of regional integration

*(c)* Global financial institutions

*(d)* Trans-national corporations

**15.** In Gandhian thought, conflicts are ***not*** manifested prominently in the conflict of

*(a)* labour and capital

*(b)* tenant and landlord

*(c)* village and city

*(d)* Brahmin and Dalit

9.

| | सूची–I | सूची–II | सूची–III | सूची–IV |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | B | I | 6 | iv |
| *(b)* | C | IV | 7 | i |
| *(c)* | B | I | 4 | vi |
| *(d)* | C | IV | 7 | ii |

10.

| | सूची–I | सूची–II | सूची–III | सूची–IV |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | D | III | 2 | viii |
| *(b)* | E | VI | 5 | v |
| *(c)* | D | III | 8 | ii |
| *(d)* | E | V | 5 | vi |

11.

| | सूची–I | सूची–II | सूची–III | सूची–IV |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | F | VIII | 2 | vii |
| *(b)* | G | V | 6 | vi |
| *(c)* | G | VI | 4 | iv |
| *(d)* | F | VIII | 7 | v |

12.

| | सूची–I | सूची–II | सूची–III | सूची–IV |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | A | I | 2 | iii |
| *(b)* | H | VII | 8 | iii |
| *(c)* | A | II | 1 | iii |
| *(d)* | H | V | 8 | iii |

**13.** यह मान्य है कि नागरिकता सामान्यतः विविध समूहों को एक साझी पहचान के माध्यम से एकीकृत करती है। निम्नलिखित में से कौन-सा/सी एक, नागरिकता के इस सिद्धान्त के विरुद्ध होगा/होगी?

*(a)* एकसमान सिविल संहिता

*(b)* द्वैध नागरिकता

*(c)* सार्वजनीन मताधिकार

*(d)* वाक् तथा अभिव्यक्ति स्वातंत्र्य

**14.** निम्नलिखित में से किस एक को राज्य की पूर्ण सम्प्रभुता के सिद्धान्त के लिए खतरे के रूप में **नहीं** समझा जाता?

*(a)* वैश्वीकरण और इसके परा-प्रादेशिकतावाद के विविध रूप

*(b)* क्षेत्रीय एकीकरण के संघ

*(c)* वैश्विक वित्तीय संस्थान

*(d)* पार-राष्ट्रीय निगम

**15.** गाँधीवादी विचार में, निम्नलिखित में से किनके बीच के संघर्ष में, संघर्ष मुख्य रूप से अभिव्यक्त **नहीं** हैं?

*(a)* श्रम और पूँजी

*(b)* काश्तकार और भूस्वामी

*(c)* गाँव और शहर

*(d)* ब्राह्मण और दलित

**16.** The 'first-past-the-post' electoral system refers to

*(a)* a system of proportional representation of weighted voting in a multi-member constituency

*(b)* single ballot, plural member majority voting system

*(c)* an electoral system in which the person winning the most votes of the votes cast in a constituency (single ballot, single member) is declared elected

*(d)* a system in which the winning candidate has to secure a plurality as well as a majority of the votes cast

**17.** Robert Nozick's book, *Anarchy, State and Utopia* (1974)

*(a)* offers a philosophical explanation of the concept of inequality and its justification in moral terms

*(b)* develops a radical, rights-based philosophy which supports a minimal State

*(c)* develops a theory of redistributive justice based on individual property rights

*(d)* postulates an entitlement theory of justice defending graded taxation and limited property rights

**18.** The term 'Power Elite', first used by C. Wright Mills in his study, refers to

*(a)* 'overlapping cliques' at the helms of the chief political, economic and military institutions in modern society

*(b)* economically powerful classes of any society who directly or indirectly control 'power' in all major realms

*(c)* the ruling political regime which has the ultimate right to exercise coercive power over all citizens in order to exercise its jurisdiction

*(d)* the informal institutions of governance who have real power and act as pressure groups in the political process

**19.** 'Democratic deficit' denotes a perceived deficiency in the

*(a)* way a particular political arrangement works in practice against a benchmark as to how it is supposed to work in theory

*(b)* practice of fiscal policies in a democratic State

*(c)* participative management practices in public sector undertakings

*(d)* political economies of countries undergoing structural adjustment policies in the post-globalized period

16. 'पहले-खम्भा-छूने' (फर्स्ट-पास्ट-द-पोस्ट) की निर्वाचन प्रणाली किसे निर्दिष्ट करती है?

(a) बहुसदस्य निर्वाचन-क्षेत्र में, भारित मतदान के आनुपातिक प्रतिनिधित्व की प्रणाली

(b) एकल मत-पत्र, बहुल सदस्य बहुमत मतदान प्रणाली

(c) एक निर्वाचन प्रणाली, जिसमें किसी निर्वाचन-क्षेत्र (एकल मत-पत्र, एकल सदस्य) में डाले गए मतों का सर्वाधिक मत पाने वाले व्यक्ति को निर्वाचित घोषित किया जाता है

(d) एक प्रणाली, जिसमें जीतने वाले अभ्यर्थी को डाले गए मतों के मताधिक्य के साथ ही साथ बहुमत प्राप्त करना होता है

17. रॉबर्ट नोज़िक की पुस्तक, *एनार्की, स्टेट एण्ड यूटोपिया* (1974)

(a) असमानता की संकल्पना की दार्शनिक व्याख्या और नैतिक शब्दों में उसके औचित्य स्थापन का प्रस्ताव करती है

(b) एक, अधिकारों पर आधारित, आमूल परिवर्तनवादी दर्शन को विकसित करती है जो न्यूनतम राज्य का समर्थन करता है

(c) व्यक्तिगत सम्पत्ति के अधिकारों पर आधारित पुनर्वितरणात्मक न्याय के सिद्धान्त को विकसित करती है

(d) वर्गित कराधान और सीमित सम्पत्ति के अधिकारों की रक्षा करने वाले न्याय के हकदारी सिद्धान्त को अभ्युपगत करती है

18. सी० राइट मिल्स द्वारा अपने अध्ययन में सर्वप्रथम प्रयुक्त शब्द-युग्म 'शक्ति-अभिजन' किसे निर्दिष्ट करता है?

(a) आधुनिक समाज में मुख्य राजनीतिक, आर्थिक और सैनिक संस्थाओं को संचालित करने वाले 'अतिव्यापी गुट'

(b) किसी भी समाज के आर्थिक रूप से शक्तिशाली वर्ग, जो सभी प्रमुख क्षेत्रों में प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष तौर पर 'शक्ति' को नियंत्रित करते हैं

(c) सत्ताधारी राजनीतिक शासन, जो अपनी अधिकारिता के प्रयोग हेतु सभी नागरिकों पर प्रपीड़क बल के प्रयोग का अन्तिम अधिकार रखता है

(d) शासन की वे अनौपचारिक संस्थाएँ, जिनके पास वास्तविक शक्ति है और जो राजनीतिक प्रक्रिया में दबाव समूहों के रूप में कार्य करती हैं

19. 'लोकतांत्रिक घाटा' किसमें प्रत्यक्षित न्यूनता को द्योतित करता है?

(a) उस पद्धति में, जिसमें कोई विशिष्ट राजनीतिक विन्यास, व्यवहार में उस निर्देश-चिह्न के विपरीत कार्य करता है, जो यह निर्धारित करता है कि सिद्धान्त में उस विन्यास को कैसे काम करना चाहिए

(b) किसी लोकतांत्रिक राज्य की राजकोषीय नीतियों के व्यवहार में

(c) सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में सहभागी प्रबन्धन व्यवहार

(d) उत्तर-वैश्वीकृत काल में संरचनात्मक समायोजन नीतियों के अधीन चल रही देशों की राजनीतिक अर्थव्यवस्थाओं में

**20.** 'Judicial restraint' as a counter-philosophy to 'judicial activism' implies that

*(a)* the 'original intent' of the law should be strictly adhered to in all cases

*(b)* the role of judges is merely to say what the law 'is', and not to 'make' law in the process of interpretation

*(c)* judges should be value-neutral in all judicial pronouncements

*(d)* judges should not be restrained in formulating public policies and judicial philosophies

**21.** A 'zero-sum game' in politics

*(a)* has no scope for cooperation among the players in the long run in politics

*(b)* has much scope for permanent coalitions of some players against the rest

*(c)* has infinite scope for multiple-level combinations of winning partnership strategies

*(d)* implies that ultimate ends of all 'games' in politics are predictable and knowable

**22.** 'Social capital' refers to the

*(a)* process of management of human resources in an organization in a manner in which they become predictable inputs like fixed capital

*(b)* social connectiveness as represented by networks, norms and trust that promote civic engagement

*(c)* economic consequences of social action

*(d)* role of progressive taxation policies in bridging the revenue losses in democratic societies

**23.** Max Weber provided the classic contribution to the understanding of legitimacy as a political phenomenon. According to him, legitimacy

*(a)* is the rightfulness of a regime to govern

*(b)* transforms power into authority by conferring on it an authoritative or binding character

*(c)* is the legality of the system of rules in a State

*(d)* is examining the concept of political obligation in political sociology

20. 'न्यायिक सक्रियतावाद' के प्रतिदर्शन के रूप में 'न्यायिक अवरोध' का निहितार्थ क्या है?

(a) सभी मामलों में विधि के 'मूल मन्तव्य' का कड़ाई से अनुपालन किया जाना चाहिए

(b) न्यायाधीशों की भूमिका मात्र यह कहने की है कि विधि क्या 'है', न कि व्याख्या की प्रक्रिया में विधि 'बनाने' की

(c) न्यायाधीशों को सभी न्यायिक प्राख्यापनों में मूल्य-निरपेक्ष होना चाहिए

(d) न्यायाधीशों को लोक नीतियों और न्यायिक दर्शनों के निर्माण में अवरुद्ध नहीं किया जाना चाहिए

21. राजनीति के 'शून्यवत् खेल' में

(a) अंततोगत्वा, राजनीति के खिलाड़ियों के बीच सहयोग की कोई गुंजाइश नहीं होती है

(b) कुछ खिलाड़ियों के बीच, शेष के विरुद्ध, स्थायी गठबंधन की काफी गुंजाइश होती है

(c) जीतने वाली साझेदारी युक्तियों के बहुस्तरीय संयोजनों की असीमित गुंजाइश होती है

(d) यह अर्थ निहित है कि सभी राजनीतिक 'खेलों' के अन्तिम लक्ष्य पूर्वानुमेय और ज्ञेय हैं

22. 'सामाजिक पूँजी' क्या निर्दिष्ट करती है?

(a) किसी संगठन में मानव संसाधनों के प्रबन्धन की ऐसी प्रक्रिया जिसमें वे स्थायी पूँजी की तरह पूर्वानुमेय निविष्टियाँ बन सकें

(b) नागरिक समाघात को सम्प्रवर्तित करने वाले नेटवर्क, मानक और न्यास द्वारा यथा-निरूपित सामाजिक संयोजकता

(c) सामाजिक क्रिया के आर्थिक परिणाम

(d) लोकतांत्रिक समाजों में राजस्व हानियों को पाटने में प्रगामी कराधान नीतियों की भूमिका

23. एक राजनीतिक घटना के रूप में वैधता की समझ में वरेण्य योगदान मैक्स वेबर का रहा। उसके अनुसार, वैधता (लेजिटिमेसी)

(a) किसी शासन प्रणाली की शासन करने की अधिकारवत्ता है

(b) शक्ति को प्राधिकारपूर्ण अथवा बाध्यकारी स्वरूप प्रदान कर उसे प्राधिकार में रूपान्तरित करती है

(c) किसी राज्य में नियम-पद्धति की वैधता (लीगैलिटी) है

(d) राजनीतिक समाजशास्त्र में राजनीतिक बाध्यता की संकल्पना का परीक्षण करना है

**24.** Kymlicka's theory of citizenship is based on

*(a)* culturally differentiated rights

*(b)* one person one vote

*(c)* weightage in voting for the minorities

*(d)* the philosophy of uniform citizenship

**25.** Which one of the following is ***not*** a factor in democratic consolidation in India?

*(a)* Judicial activism

*(b)* Empowerment of institutions of local government under the 73rd and 74th Constitutional Amendments

*(c)* Enactment of the Right to Information Act

*(d)* Enactment of the National Rural Employment Guarantee Act

**26.** The central notion of citizenship as having the capacity to bear arms, to own property and for self-government is considered fundamentally flawed by which of the following groups of political theorists?

*(a)* Anarchists

*(b)* Communitarians

*(c)* Neo-liberals

*(d)* Feminists

**27.** Which one of the following is ***not*** a premise of the 'social contract' theory?

*(a)* The ground of political obligation could be objectively determined if it could be traced to a contractual promise

*(b)* Political obligations actually stem from explicit contracts

*(c)* A State is legitimate to the extent that a contract could be constructed to justify political obligation

*(d)* Human rights are not natural. They emerge from social contracts and obligations

**28.** 'Balance of terror' is a term used in international politics to denote

*(a)* a balance of power that emerges in a multi-polar world due to multiple checks and balances

*(b)* the power to deter and destroy which belongs to all States in an anarchic international system

*(c)* the uneasy balance that proceeds from fear of nuclear war and also from ideological fear that are fueled by nuclear weapon States

*(d)* the balance of peace that exists among the nuclear powers in terms of their equality to seize and defend territory

**24.** किमलिका का नागरिकता-सिद्धान्त किस पर आधारित है?

*(a)* सांस्कृतिक रूप से विभेदीकृत अधिकार

*(b)* एक व्यक्ति एक वोट

*(c)* मतदान में अल्पसंख्यकों के लिए भारिता

*(d)* एकसमान नागरिकता का दर्शन

**25.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक भारत में लोकतांत्रिक सुदृढ़ीकरण का कारक **नहीं** है?

*(a)* न्यायिक सक्रियतावाद

*(b)* 73वें और 74वें संविधान संशोधनों के अधीन स्थानीय शासन की संस्थाओं का सशक्तीकरण

*(c)* सूचना का अधिकार अधिनियम का अधिनियमन

*(d)* राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारण्टी अधिनियम का अधिनियमन

**26.** शस्त्रधारण करने, सम्पत्ति का स्वामित्व और स्वशासन की क्षमता रखने के रूप में नागरिकता की केन्द्रीय धारणा को, राजनीतिक सिद्धान्तकारों के निम्नलिखित समूहों में से किसके द्वारा मूलतः दोषयुक्त माना जाता है?

*(a)* अराजकतावादी

*(b)* समुदायवादी

*(c)* नव-उदारवादी

*(d)* नारी-अधिकारवादी

**27.** निम्नलिखित में से कौन-सी एक 'सामाजिक संविदा' के सिद्धान्त की आधारिका **नहीं** है?

*(a)* राजनीतिक बाध्यता के आधार को वस्तुनिष्ठता से निर्धारित किया जा सकता है यदि उसे संविदात्मक वचन से अनुरेखित किया जा सके

*(b)* राजनीतिक बाध्यताएँ वस्तुतः सुस्पष्ट संविदाओं से उत्पन्न होती हैं

*(c)* कोई राज्य उस सीमा तक वैध है जहाँ तक राजनीतिक बाध्यता को न्यायपूर्ण ठहराने के लिए संविदा की रचना की जा सके

*(d)* मानव अधिकार प्राकृतिक नहीं हैं। उनका उद्भव सामाजिक संविदाओं और बाध्यताओं से होता है

**28.** अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति में 'आतंक का सन्तुलन' पद का प्रयोग क्या द्योतित करने के लिए किया जाता है?

*(a)* उस शक्ति-सन्तुलन को, जो एक बहुध्रुवीय विश्व में बहुविध नियंत्रणों और सन्तुलनों के कारण उद्भूत होता है

*(b)* भयोपरत और नष्ट करने की शक्ति को, जो एक अराजक अन्तर्राष्ट्रीय व्यवस्था में सभी राज्यों के पास होती है

*(c)* उस असहज सन्तुलन को, जो नाभिकीय युद्ध के भय से और उन विचारधारात्मक भयों से भी उत्पन्न होता है, जो नाभिकीय शस्त्र राज्यों द्वारा तीव्र किए जाते हैं

*(d)* शान्ति के सन्तुलन को, जो राज्यक्षेत्र का अभिग्रहण करने और उसे रक्षित करने में उनकी समानता के आधार पर नाभिकीय शक्तियों के मध्य होता है

**29.** Which one of the following statements regarding the history of women's movement in India is ***not*** correct?

*(a)* The first wave saw social reform movements that began in the 19th century and mass mobilization of women in the Indian national movement

*(b)* Between 1950 and 1960, the women's movement witnessed a resurgence of political activity focused on developing a common front against patriarchy

*(c)* From 1960's onward, women took to the streets in several agitations of the rural poor and industrial working class on anti-feudal, anti-capitalist issues

*(d)* The current phase of the women's movement is focused on redirecting social change towards empowerment of women

**30.** Equality, according to John Rawls, is an operational concept tied to his procedural theory of justice. Which of the following statements correctly describe(s) Rawls' position on inequality?

1. Inequality is the cause of instability and revolution, and therefore unacceptable in the long run.
2. Inequality is the sole cause of human misery, moral degradation and corruption, and should be abolished.
3. Inequality is justified if it leads to the elevation of the worst off in society.

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1 and 2

*(b)* 1 and 3

*(c)* 2 only

*(d)* 3 only

**31.** The strategy of civil disobedience, made famous by Mahatma Gandhi, does ***not*** include

*(a)* any act of overt and deliberate law-breaking with a general question of political obligation

*(b)* any act of contested legality which aims at bringing the matter to public attention

*(c)* any act of public questioning of the moral or rational justification of a law

*(d)* asking the judiciary to interpret a law in the public interest

**29.** भारत में नारी-आन्दोलन के इतिहास के विषय में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही **नहीं** है?

*(a)* इसकी पहली लहर में, 19वीं शताब्दी में शुरू होने वाले समाज सुधार आन्दोलन और भारतीय राष्ट्रीय आंन्दोलन में महिलाओं का जन संघटन था

*(b)* 1950 और 1960 के बीच में नारी-आन्दोलन ने ऐसी राजनीतिक सक्रियता का पुनरुत्थान देखा जो पुरुष-प्रधान व्यवस्था के विरुद्ध एक सामान्य मोर्चा विकसित करने पर केन्द्रित था

*(c)* 1960 के दशक से महिलाएँ सामन्तवाद-विरोधी, पूँजीवाद-विरोधी मुद्दों पर ग्रामीण निर्धन और औद्योगिक श्रमिक वर्ग के अनेक आन्दोलनों में सड़कों पर उतर आईं

*(d)* नारी-आन्दोलन का वर्तमान चरण सामाजिक परिवर्तन को नारी सशक्तीकरण की ओर अनुप्रेषित करने पर केन्द्रित है

**30.** जॉन रॉल्स के अनुसार, समानता, न्याय के उनके कार्यविधिक सिद्धान्त से सम्बद्ध संक्रियात्मक संकल्पना है। निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से, असमानता पर रॉल्स की स्थिति का/के सही वर्णन है/हैं?

1. असमानता अस्थायित्व और क्रान्ति का कारण होती है अतः अन्ततः अस्वीकार्य होती है।
2. असमानता मानवीय दैन्य, नैतिक अपकर्ष और भ्रष्टाचार का एकमात्र कारण है, और इसका उन्मूलन किया जाना चाहिए।
3. असमानता का औचित्य ठहराया जा सकता है यदि वह समाज के निर्धनतम लोगों को उन्नयन का मार्ग दिखाती है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* 1 और 2

*(b)* 1 और 3

*(c)* केवल 2

*(d)* केवल 3

**31.** विख्यात रूप से महात्मा गाँधी के द्वारा प्रयुक्त सविनय अवज्ञा की रणनीति में निम्नलिखित में से कौन-सा सम्मिलित **नहीं** है?

*(a)* राजनीतिक बाध्यता के सामान्य प्रश्न के साथ, विधि भंग करने का कोई भी प्रकट तथा सुविचारित कार्य

*(b)* विवादित वैधता का कोई कार्य जो विषय को लोक अवधान में लाने का लक्ष्य रखता हो

*(c)* किसी विधि के नैतिक अथवा तार्किक औचित्य पर सार्वजनिक रूप से सवाल उठाने का कोई कार्य

*(d)* न्यायपालिका को किसी विधि की व्याख्या लोकहित में करने के लिए कहना

32. Which one of the following is ***not*** a purpose of public-private partnership in India?

*(a)* Agreement between government and the private sector regarding the provisions of public services or infrastructure

*(b)* A means of bringing together social priorities with the managerial skills of the private sector

*(c)* Relieving government of the burden of large capital expenditure and transferring the risk of cost overruns to the private sector

*(d)* It is a move to ultimately transfer all capital-intensive public sector units to the private sector

33. The 'state of nature' is generally construed in political theory to imply a

*(a)* historically specific era from where political regimes began

*(b)* pre-government political condition where no rights prevailed

*(c)* civil war-like situation which can happen any time in any State

*(d)* condition of mankind in the absence of political power or authority in the absence of the artifice of the State

34. When Aristotle declared that "man is by nature a political animal", he did ***not*** imply that

*(a)* only within a political community man can live 'the good life'

*(b)* politics is an ethical activity concerned with creating a just society

*(c)* there is a distinction between State and civil society

*(d)* politics is a master science which is essentially an attempt to create a good society

35. Who among the following thinkers has claimed that the history of ideas had ended with the recognition of liberal democracy as 'the final form of human government'?

*(a)* Ralph Miliband

*(b)* Noam Chomsky

*(c)* Amartya Sen

*(d)* Francis Fukuyama

**32.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक भारत में सार्वजनिक-निजी साझेदारी का उद्देश्य **नहीं** है?

*(a)* सरकार और निजी क्षेत्रक के बीच लोक सेवाओं या आधारिक संरचना की व्यवस्थाओं के बारे में सहमति

*(b)* निजी क्षेत्र के प्रबन्धकीय कौशलों को और सामाजिक प्राथमिकताओं को एकसाथ लाने का एक साधन

*(c)* सरकार को विशाल पूँजी व्यय के भार से बचाना और लागत के निर्धारित से अधिक बढ़ जाने के जोखिम को निजी क्षेत्र को अन्तरित करना

*(d)* यह सभी पूँजी-प्रधान सार्वजनिक क्षेत्रक इकाइयों को अन्ततः निजी क्षेत्रक में हस्तान्तरित करने की युक्ति है

**33.** राजनीतिक सिद्धान्त में 'प्राकृतिक अवस्था' से सामान्यतः क्या अर्थित होता है?

*(a)* इतिहास का विशिष्ट युग जहाँ से राजनीतिक शासन प्रारम्भ हुए

*(b)* प्राक्-शासकीय राजनीतिक स्थिति जहाँ कोई अधिकार विद्यमान नहीं थे

*(c)* गृहयुद्ध जैसी स्थिति जो किसी भी समय किसी भी राज्य में हो सकती है

*(d)* राजनीतिक शक्ति के अभाव में मानवता की स्थिति अथवा राज्य के कूटोपाय के अभाव में सत्ता

**34.** अरस्तू के यह घोषणा करने में कि "मनुष्य स्वभाव से एक राजनीतिक प्राणी है", उसका कौन-सा एक आशय **नहीं** था?

*(a)* मनुष्य केवल राजनीतिक समुदाय में ही 'अच्छा जीवन' जी सकता है

*(b)* राजनीति एक नैतिक क्रिया है जिसका सरोकार एक न्यायपूर्ण समाज की रचना है

*(c)* राज्य और सिविल समाज के बीच विभेद है

*(d)* राजनीति एक श्रेष्ठ विज्ञान है जो अनिवार्यतः एक अच्छे समाज की रचना का प्रयास है

**35.** निम्नलिखित विचारकों में से किसने यह दावा किया कि उदारवादी लोकतंत्र को 'मानव शासन के अन्तिम प्रकार' के रूप में मान्यता देने के साथ ही विचारों के इतिहास का अन्त हो गया?

*(a)* राल्फ मिलिबैण्ड

*(b)* नोआम चोम्स्की

*(c)* अमर्त्य सेन

*(d)* फ्रांसिस फुकुयामा

**36.** The concept of 'democratic overload' implies

(a) an unwarranted State intervention in private and voluntary sectors of the economy

(b) the population explosion in countries with democratic political regimes

(c) the paralysis of a political system due to unrestrained group and electoral pressures

(d) severe fiscal pressures and revenue losses in the economy of a democratic State

**37.** The Marxists and the radical feminists do ***not*** share which one of the following views on State power?

(a) Both deny that the State is an autonomous entity

(b) Both maintain that the ideology of the State can be understood by reference to the power structure in a society

(c) Both are based on institutionalized structures of stratification

(d) Both agree on the location of structures of inequality and exploitation in society

**38.** 'Piecemeal social engineering' as advocated by K. R. Popper is a prescription for

(a) revolutionary change

(b) change by defence forces

(c) exogenous change by coercion

(d) incremental change by law

**39.** The 'Limits to Growth' doctrine, evolved after the Club of Rome Report, is associated with

(a) consociational democracy

(b) environmentalism

(c) anti-globalization movement

(d) radical feminism

**40.** The logic of essential but ***not*** exclusive State intervention in poverty alleviation programmes in India has been based on the twin premise of

(a) failure of the market and comparative advantage of public agencies to include marginalized groups in the developmental process

(b) inclusion of the private sector for efficient delivery systems and the voluntary sector for social audit and monitoring, if necessary

(c) market funding from private sector and citizen groups for feedback

(d) inclusion of States in the programmes as well as allowing public-private partnerships in implementation

36. 'लोकतंत्रीय अतिभार' की संकल्पना से क्या आशय है?

(a) अर्थव्यवस्था के निजी और स्वैच्छिक क्षेत्रों में राज्य का अनपेक्षित हस्तक्षेप

(b) लोकतंत्रीय राजनीतिक शासन वाले देशों में जनसंख्या विस्फोट

(c) अनियंत्रित समूहों तथा चुनावी दबावों के कारण किसी राजनीतिक व्यवस्था का पक्षाघात

(d) किसी लोकतंत्रीय राज्य की अर्थव्यवस्था पर भारी राजकोषीय दबाव और राजस्व हानियाँ

37. राज्य शक्ति पर निम्नलिखित मतों में से कौन-सा एक मार्क्सवादियों तथा उग्र नारी-अधिकारवादियों में साझा **नहीं** है?

(a) दोनों ही इससे इन्कार करते हैं कि राज्य एक स्वायत्त सत्ता है

(b) दोनों ही यह मानते हैं कि राज्य की विचारधारा को किसी समाज की शक्ति संरचना के सन्दर्भ में समझा जा सकता है

(c) दोनों ही स्त्रीकरण की संस्थागत संरचनाओं पर आधारित हैं

(d) दोनों ही समाज में शोषण तथा असमानता की संरचनाओं की अवस्थिति पर सहमत हैं

38. के० आर० पॉपर ने जिस 'खण्डशः सामाजिक इंजीनियरी' की वकालत की है, वह किस परिवर्तन के लिए निर्देशन प्रदान करता है?

(a) क्रान्तिकारी परिवर्तन

(b) सुरक्षा बलों द्वारा परिवर्तन

(c) बल प्रयोग द्वारा बहिर्जात परिवर्तन

(d) विधि द्वारा अभिवर्धी परिवर्तन

39. क्लब ऑफ रोम रिपोर्ट के पश्चात् विकसित 'संवृद्धि की सीमा' सिद्धान्त किससे सम्बद्ध है?

(a) सहवर्तनात्मक लोकतंत्र

(b) पर्यावरणवाद

(c) वैश्वीकरण-विरोधी आन्दोलन

(d) उग्र नारी-अधिकारवाद

40. भारत में निर्धनता उन्मूलन कार्यक्रमों में राज्य का अनन्य **नहीं** अपितु अनिवार्य हस्तक्षेप का तर्क किनकी युग्म आधारिकाओं पर आधारित है?

(a) बाज़ार की विफलता और लोक अभिकरणों का सीमान्त समूहों को विकास प्रक्रिया में समाविष्ट करने का तुलनात्मक सुलाभ

(b) कुशल वितरण व्यवस्थाओं के लिए निजी क्षेत्रक का तथा सामाजिक संपरीक्षा और परिवीक्षण, यदि आवश्यक हो, के लिए स्वैच्छिक क्षेत्रक का समावेशन

(c) पुनर्भरण हेतु, निजी क्षेत्रक और नागरिक समूहों से बाज़ार निधीयन

(d) कार्यक्रमों में राज्यों का समावेशन, साथ ही साथ क्रियान्वयन में सार्वजनिक-निजी साझेदारी को आने देना

**41.** Seymour Lipset had made an influential proposition that the more economically developed the country, the more successful a democracy it is. Taking a cue from this proposition, identify which one of the following statements is ***not*** correct

*(a)* Economic development is closely associated with increases in the level of education, which in turn promotes political attitudes conducive to democracy

*(b)* Economic development alters the pyramid-shaped social stratification in which the majority are poor to a diamond-shaped social stratification where the majority are middle class

*(c)* Economic development helps in the rise of democracy by weakening the feudal structure and the power of the landed gentry who are normally susceptible to anti-democratic ideologies

*(d)* Economic development helps in political mobilization on heterogeneous lines making identity politics the hallmark of democracy in countries like India

**42.** The primary focus of Jean Dreze and Amartya Sen in their books on India has been to

*(a)* analyze developmental strategies of the Government of India since 1990's

*(b)* advocate the role of public action in eliminating deprivation and expanding human freedom

*(c)* assess critically India's efforts of economic reforms after 1991

*(d)* None of the above

**43.** Which one of the following is the best justification for the affirmative action policies in India?

*(a)* The principle of non-discrimination

*(b)* The principle of equal opportunity

*(c)* The principle of group disadvantage

*(d)* The principle of radical redistribution

**41.** सिमोर लिपसेट ने एक प्रभावी प्रतिज्ञप्ति दी थी कि जो देश जितना अधिक आर्थिक रूप से विकसित होगा, उतना ही सफल वह लोकतंत्र होगा। इस प्रतिज्ञप्ति से संकेत लेते हुए पहचानिए कि निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही **नहीं** है

*(a)* आर्थिक विकास, शिक्षा के स्तर में बढ़ोतरी के साथ निकटता से सम्बद्ध है, जो क्रमशः लोकतंत्र में सहायक राजनीतिक अभिवृत्तियों को प्रोत्साहित करता है

*(b)* आर्थिक विकास पिरामिड के आकार के सामाजिक स्तरीकरण को, जिसमें बहुसंख्यक निर्धन होते हैं, हीरे के आकार के सामाजिक स्तरीकरण में परिवर्तित करता है, जहाँ बहुसंख्यक मध्य वर्ग हैं

*(c)* आर्थिक विकास सामन्तवादी संरचना और भूस्वामी कुलीन वर्ग की, जो सामान्यतः लोकतंत्र-विरोधी विचारधाराओं के प्रति संवेद्य होता है, शक्ति को कमज़ोर कर लोकतंत्र के उदय में सहायक होता है

*(d)* आर्थिक विकास विषमजातीय दिशा में राजनीतिक संघटन में सहायक होते हुए पहचानपरक राजनीति को भारत जैसे देशों में लोकतंत्र का प्रमाणक बनाता है

**42.** जीन दरेज़ और अमर्त्य सेन का भारत पर उनकी पुस्तकों में मूल केन्द्र-बिन्दु क्या रहा है?

*(a)* 1990 के दशक से भारत सरकार की विकासात्मक रणनीतियों का विश्लेषण करना

*(b)* वंचन के उन्मूलन और मानवीय स्वतंत्रता के विस्तार में लोकक्रिया की भूमिका का पक्ष-समर्थन करना

*(c)* 1991 के पश्चात् भारत के आर्थिक सुधार के प्रयासों का आलोचनात्मक मूल्यांकन करना

*(d)* उपर्युक्त में से कोई नहीं

**43.** भारत में सकारात्मक क्रियानीतियों का सर्वोत्तम औचित्य निम्नलिखित में से कौन-सा एक है?

*(a)* अविभेद का सिद्धान्त

*(b)* समान अवसर का सिद्धान्त

*(c)* समूह की हानि का सिद्धान्त

*(d)* आमूल पुनर्वितरण का सिद्धान्त

**44.** The Planning Commission was established in India within a month of the inauguration of the Constitution to

1. determine the machinery for implementing the Directive Principles
2. assess national resources and plan for their effective and balanced use
3. lay down the conditions for government participation in agriculture and industry

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* 1 and 2

*(d)* 2 and 3

**45.** P. N. Haksar, the Principal Secretary to the then Prime Minister of India, Mrs. Indira Gandhi, is known for his advocacy of 'commitment'. According to him, the civil servants should be committed to

1. the government of the time
2. the social revolutionary ideals of the Constitution
3. honesty, integrity and hard work as ethical considerations

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1, 2 and 3

*(b)* 3 only

*(c)* 1 and 2 only

*(d)* 2 and 3 only

**46.** On which of the following grounds did Dr. Rajendra Prasad confront Pt. Jawaharlal Nehru over the Hindu Code Bill?

1. A Parliament, elected to frame a Constitution and to govern the country only until general elections were held, should not enact such a Bill.
2. The Parliament was not legally competent to enact the Bill.
3. The Bill was highly discriminatory.
4. The Bill would force revolutionary changes in Hindu life, thus creating conflict.

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1 and 2

*(b)* 2 only

*(c)* 2 and 4

*(d)* 1, 3 and 4

**44.** भारत में संविधान के प्रारम्भन के एक माह के भीतर ही योजना आयोग की स्थापना

1. नीति-निदेशक तत्त्वों के क्रियान्वयन की मशीनरी के निर्धारण के लिए की गई
2. राष्ट्रीय संसाधनों को निर्धारित करने और उनके प्रभावी तथा सन्तुलित प्रयोग की योजना बनाने के लिए की गई
3. कृषि तथा उद्योग में सरकारी सहभागिता के लिए पूर्वदशाएँ तैयार करने के लिए की गई

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2

*(d)* 2 और 3

**45.** पी० एन० हक्सर, भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इन्दिरा गाँधी के प्रधान सचिव, अपनी 'प्रतिबद्धता' के पक्षसमर्थन के लिए जाने जाते हैं। उनके अनुसार, सिविल सेवकों को किसके/किनके प्रति प्रतिबद्ध होना चाहिए?

1. अपने समय की सरकार
2. संविधान के सामाजिक क्रान्तिकारी आदर्श
3. नैतिकता की विचार-दृष्टि से ईमानदारी, सत्यनिष्ठा और कठोर श्रम

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* 1, 2 और 3

*(b)* केवल 3

*(c)* केवल 1 और 2

*(d)* केवल 2 और 3

**46.** निम्नलिखित में से किस/किन आधार/आधारों पर डॉ० राजेन्द्र प्रसाद ने हिन्दू कोड बिल पर पं० जवाहरलाल नेहरू का प्रतिरोध किया था?

1. ऐसी संसद् को, जो एक संविधान बनाने के लिए और आम चुनावों के होने तक ही देश का शासन करने के लिए चुनी गई हो, ऐसे विधेयक का अधिनियमन नहीं करना चाहिए।
2. संसद् ऐसे विधेयक के अधिनियमन के लिए वैध रूप से सक्षम नहीं थी।
3. विधेयक अत्यंत विभेदकारी था।
4. विधेयक हिन्दू जीवन में बलात् क्रान्तिकारी परिवर्तन करता और इस प्रकार संघर्ष उत्पन्न करता।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* 1 और 2

*(b)* केवल 2

*(c)* 2 और 4

*(d)* 1, 3 और 4

**47.** Consider the following stages of development of society as expounded by Karl Marx :

1. Withering away of State
2. Primitive Communism
3. Feudalism
4. Capitalism

Which of the following is the correct order of their development?

*(a)* 2–3–4–1

*(b)* 2–3–1–4

*(c)* 3–2–4–1

*(d)* 3–2–1–4

**48.** Which of the following recommendations made by the National Commission for Review of the Working of the Constitution in 2002 relating to electoral reforms has/have been implemented by the government?

1. Considerable reduction in the campaign period
2. Legal status to the code of conduct with cognizable penal action for its violation
3. Legal disqualification from membership of the House in case of defection

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1, 2 and 3

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1 and 2 only

*(d)* 3 only

**49.** The scope of 'life and personal liberty', as envisages in Article 21 of the Constitution of India, has expanded considerably over the years. Which one of the following can still ***not*** be subject of this protection?

*(a)* The Right to good health

*(b)* The Right of a bonded labour to rehabilitation after release

*(c)* The Right, under a settlement, to claim bonus or dearness allowance

*(d)* The Right to livelihood by means which are not illegal, immoral or opposed to public policy

**50.** The Representation of the People (Amendment) Act, 2003 passed by the Parliament of India sought to

*(a)* provide the facility to opt to vote through proxy to the service voters belonging to armed forces

*(b)* introduce open ballot system for elections to the Council of States

*(c)* insert provision regarding supply of copies of electoral rolls to candidates of recognized political parties

*(d)* make it mandatory for political parties to report all cases of contributions received above Rs 20,000 to Election Commission

**47.** कार्ल मार्क्स द्वारा यथा-प्रतिपादित, समाज के विकास की निम्नलिखित अवस्थाओं पर विचार कीजिए :

1. राज्य का क्रमिक अवसान
2. आदिम साम्यवाद
3. सामन्तवाद
4. पूँजीवाद

निम्नलिखित में से कौन-सा एक उनके विकास का सही क्रम है?

*(a)* 2–3–4–1

*(b)* 2–3–1–4

*(c)* 3–2–4–1

*(d)* 3–2–1–4

**48.** संविधान के कार्यकरण के पुनर्विलोकन के लिए राष्ट्रीय आयोग (नेशनल कमीशन फॉर रिव्यू ऑफ द वर्किंग ऑफ द कॉन्स्टीट्यूशन), 2002 के चुनावी सुधारों से सम्बन्धित निम्नलिखित संस्तुतियों में से कौन-सी सरकार द्वारा क्रियान्वित की गई है/हैं?

1. चुनाव प्रचार की अवधि में काफी कमी
2. आचार संहिता के उल्लंघन पर संज्ञेय शास्तिक कार्रवाई के साथ, आचार संहिता को विधिक हैसियत प्रदान करना
3. दलबदल के मामले में सदन की सदस्यता से विधिक निरर्हता

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* 1, 2 और 3

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 2

*(d)* केवल 3

**49.** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 में यथा-विचारित 'प्राण और दैहिक स्वतंत्रता' की परिधि पिछले वर्षों में काफी विस्तृत हुई है। निम्नलिखित में से किस एक को अब भी इस संरक्षण का विषय **नहीं** कहा जा सकता?

*(a)* अच्छे स्वास्थ्य का अधिकार

*(b)* बन्धुआ मज़दूर का मुक्ति के बाद पुनर्स्थापन का अधिकार

*(c)* किसी समझौते के अधीन, बोनस अथवा महँगाई भत्ते पर दावे का अधिकार

*(d)* ऐसे साधनों के माध्यम से आजीविका का अधिकार जो अवैध, अनैतिक अथवा लोकनीति के विरुद्ध न हों

**50.** भारत की संसद् द्वारा पारित लोक-प्रतिनिधित्व (संशोधन) अधिनियम, 2003 ने क्या प्रयास किया?

*(a)* सशस्त्र बलों के सेवारत मतदाताओं को परोक्षी के माध्यम से मतदान के विकल्प की सुविधा प्रदान करना

*(b)* राज्य सभा के चुनावों के लिए खुली मतदान पद्धति का प्रारम्भ करना

*(c)* मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अभ्यर्थियों को निर्वाचक सूचियों की प्रतियों की पूर्ति के बारे में उपबन्ध जोड़ना

*(d)* राजनीतिक दलों के लिए यह अनिवार्य बनाना कि 20,000 रुपयों से अधिक प्राप्त चन्दे के सभी मामलों को निर्वाचन आयोग को रिपोर्ट करे

51. The convergence thesis argues that

*(a)* in modern society, class divisions have been replaced by ones based on managerial position and bureaucratic power

*(b)* the politico-economic factors dictate that capitalist and socialist States will become increasingly similar

*(c)* conversion of bureaucrats from religious to secular values is essential for development

*(d)* bureaucracy must be made neutral

52. In the spring of 2006, several members of the Parliament were constrained to resign from the membership of the Lok Sabha due to a stricter enforcement of Article 102(1)(a) of the Constitution of India, because they were

*(a)* holding offices of profit

*(b)* being offered large sums as payment from their alternative offices

*(c)* disqualified under the Tenth Schedule of the Constitution

*(d)* declared disqualified due to the allegations of exchange of money for carrying out their parliamentary responsibilities

53. When Reinhard Bendix expressed the view in 1964 that India presents a striking contrast to the European experience in the spread of modernization among the population at large, what was he referring to?

*(a)* The nature of parliamentary democracy in India

*(b)* The emerging elite-mass gap in India

*(c)* The elitist nature of Indian bureaucracy

*(d)* The mass political mobilization in the countryside during national movement

54. Which one of the following is ***not*** correct about the powers of the President of India to grant pardons, reprieves, respites or remissions of punishment or to suspend, remit or commute the sentence of any person convicted of any offence?

*(a)* The President can do so in all cases where the punishment or sentence is by a Court Martial

*(b)* The President may exercise such powers in all cases where punishment or sentence is for an offence against any law falling within the executive power

*(c)* The President may exercise such powers in all cases where the sentence is a sentence of death

*(d)* The President may reject a petition for mercy but he/she must hear a petition for mercy before rejecting

**51.** अभिसरण स्थापना का तर्क है कि

*(a)* आधुनिक समाज में वर्ग-विभाजनों को प्रबन्धकीय स्थानों और अधिकारी-तंत्रीय शक्ति पर आधारित विभाजनों ने प्रतिस्थापित कर दिया है

*(b)* राजनीतिक-आर्थिक कारक अधिदिष्ट करते हैं कि पूँजीवादी और समाजवादी राज्य अधिकाधिक समान होते जाएँगे

*(c)* नौकरशाहों का धार्मिक से धर्मनिरपेक्ष मूल्यों की ओर अभिसरण विकास के लिए आवश्यक है

*(d)* नौकरशाही को तटस्थ बनाया ही जाना चाहिए

**52.** 2006 के वसन्त में, भारत के संविधान के अनुच्छेद 102(1)(a) के कठोरतर प्रवर्तन के कारण संसद् के अनेक सदस्यों को लोक सभा की सदस्यता से त्यागपत्र देना पड़ा था, क्योंकि

*(a)* वे लाभ के पदों पर थे

*(b)* उन्हें अपने वैकल्पिक कार्यालयों से बड़ी राशियाँ भुगतान के रूप में पेश की जा रही थीं

*(c)* वे संविधान की दसवीं अनुसूची के अधीन निरर्ह थे

*(d)* उन्हें अपने संसदीय दायित्वों के निर्वहन के बदले में मुद्रा लेने के आरोपों के कारण निरर्ह घोषित किया गया था

**53.** जब राइनहार्ड बेण्डिक्स ने 1964 में यह मत व्यक्त किया कि जनसंख्या के बड़े भाग में आधुनिकीकरण के प्रसार में भारत यूरोपीय अनुभव से एक आश्चर्यजनक वैषम्य प्रस्तुत करता है, वे किसे निर्दिष्ट कर रहे थे?

*(a)* भारत में संसदीय लोकतंत्र की प्रकृति

*(b)* भारत में उद्भूत होता हुआ अभिजन-जनसामान्य अन्तराल

*(c)* भारतीय नौकरशाही की अभिजनवादी प्रकृति

*(d)* राष्ट्रीय आन्दोलन के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में जनसामान्य का राजनीतिक संघटन

**54.** भारत के राष्ट्रपति की किसी अपराध के लिए सिद्धदोष ठहराए गए किसी व्यक्ति के दण्ड को क्षमा, उसका प्रविलम्बन, विराम या परिहार करने की अथवा दण्डादेश के निलम्बन, परिहार या लघूकरण की शक्तियों के विषय में निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही **नहीं** है?

*(a)* उन सभी मामलों में, जिनमें दण्ड या दण्डादेश सेना न्यायालय ने दिया है, राष्ट्रपति ऐसा कर सकता है

*(b)* राष्ट्रपति ऐसी शक्तियों का प्रयोग उन सभी मामलों में कर सकता है जिनमें दण्ड या दण्डादेश ऐसे विषय सम्बन्धी किसी विधि के विरुद्ध अपराध के लिए दिया गया है जिस विषय तक कार्यपालिका शक्ति का विस्तार है

*(c)* राष्ट्रपति ऐसी शक्तियों का प्रयोग उन सभी मामलों में कर सकता है जिनमें दण्डादेश, मृत्यु दण्डादेश है

*(d)* राष्ट्रपति दया की याचिका को अस्वीकार कर सकता/सकती है, परन्तु उसे अस्वीकार करने से पहले दया की याचिका को सुनना ही चाहिए

**55.** Which of the following statements is/are correct in relation to the legislative procedure regarding Bills in the Indian Parliament?

1. A Bill pending in the Parliament shall not lapse by reason of prorogation of the Houses.
2. A Bill pending in the Council of States, which has not been passed by the House of the People, shall not lapse on dissolution of the House of the People.
3. A Bill which is pending in the House of the People, or which having been passed by the House of the People is pending in the Council of States, shall, subject to the provisions of Article 108, lapse on dissolution of the House of the People.

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 1 only

*(c)* 2 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**56.** Which of the following statements is/are correct?

1. No Member of the Parliament shall be liable to any proceedings in any Court in respect of any vote given by him in any Committee of the Parliament.
2. A House of the Parliament or State Legislature can try anyone or any case directly, as a Court of Justice.
3. No Member of the Parliament shall be liable to any proceedings in any Court in respect of anything said in the Parliament.

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1, 2 and 3

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1 only

**57.** The idea that peace between countries can be established if the countries have democratic form of government at the domestic level was first propounded by

*(a)* Hegel

*(b)* Immanuel Kant

*(c)* J. S. Mill

*(d)* Karl Marx

**55.** भारत की संसद् में पुरःस्थापित और पारित विधेयकों के विषय में विधायी प्रक्रिया के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. संसद् में लम्बित विधेयक सदनों के सत्रावसान के कारण व्यपगत नहीं होगा।
2. राज्य सभा में लम्बित विधेयक, जिसको लोक सभा ने पारित नहीं किया है, लोक सभा के विघटन पर व्यपगत नहीं होगा।
3. कोई विधेयक जो लोक सभा में लम्बित है, या जो लोक सभा द्वारा पारित कर दिया गया है और राज्य सभा में लम्बित है, अनुच्छेद 108 के उपबन्धों के अधीन रहते हुए, लोक सभा के विघटन पर व्यपगत हो जाएगा।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 1

*(c)* केवल 2 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**56.** निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. संसद् की किसी समिति में संसद् के किसी सदस्य द्वारा दिए गए किसी मत के सम्बन्ध में उसके विरुद्ध किसी न्यायालय में कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी।
2. संसद् का कोई सदन अथवा राज्य विधायिका किसी का या किसी मामले का, न्यायालय के रूप में प्रत्यक्षतः विचारण कर सकती है।
3. संसद् में संसद् के किसी सदस्य द्वारा कही किसी बात के सम्बन्ध में उसके विरुद्ध किसी न्यायालय में कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* 1, 2 और 3

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* केवल 1

**57.** यह विचार, कि देशों के बीच शान्ति स्थापित हो सकती है यदि घरेलू स्तर पर शासन का स्वरूप लोकतांत्रिक हो, सर्वप्रथम किसके द्वारा प्रतिपादित किया गया था?

*(a)* हीगल

*(b)* इमैनुअल काण्ट

*(c)* जे० एस० मिल

*(d)* कार्ल मार्क्स

**58.** In which one of the following books did Karl Marx put forward the idea that the State could enjoy relative autonomy from class system?

*(a)* *The Eighteenth Brumaire of Louis Bonaparte*

*(b)* *Das Kapital*

*(c)* *Communist Manifesto*

*(d)* *Gotha Programme*

**59.** Consider the following :

*The doctrine of ministerial responsibility has two facets. The minister has complete autonomy within his own sphere of authority. As a necessary corollary, he must take full responsibility for the actions of his servants.*

Which among the following Commissions/Committees observed this?

*(a)* Santhanam Committee

*(b)* Chhagla Commission

*(c)* The Second Administrative Reforms Commission

*(d)* None of the above

**60.** Which one of the following is ***not*** part of Mahatma Gandhi's vision of Home Rule as outlined in the 'Hind Swaraj'?

*(a)* Parliamentary government

*(b)* Social reform

*(c)* Self-reliance

*(d)* Village republics

**61.** Which one of the following is ***not*** emphasized by Thomas Friedman in his book, *The World is Flat* as an important force in world politics?

*(a)* Nation-State

*(b)* Telecommunications revolution

*(c)* Internet

*(d)* International political economy

**62.** The feature of making the government responsible (forcing the government to resign) is ***not*** associated with

*(a)* House of Representatives in the USA

*(b)* House of Commons in the UK

*(c)* Lok Sabha in India

*(d)* House of Representatives in Japanese Parliament

**63.** According to the Government of India Act, 1935, which of the following is/are the feature(s) of the Provincial Executive?

1. The executive authority of the Province was vested in the Governor
2. The Council of Ministers to advise the Governor
3. The Governor could be removed by a vote of no-confidence of the Provincial Legislature

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1 and 2

*(b)* 1 and 3

*(c)* 2 and 3

*(d)* 2 only

**58.** निम्नलिखित पुस्तकों में से किस एक में कार्ल मार्क्स ने यह विचार प्रस्तुत किया कि राज्य, वर्ग व्यवस्था से सापेक्ष स्वायत्तता का अनुभव कर सकता है?

(a) *दि एटीन्थ ब्रुमेयर ऑफ लुई बोनापार्ट*

(b) *दास कैपिटल*

(c) *कम्युनिस्ट मैनिफेस्टो*

(d) *गोदा प्रोग्राम*

**59.** निम्नलिखित पर विचार कीजिए :

*मंत्रिपरिषदीय उत्तरदायित्व के सिद्धान्त के दो पक्ष हैं। मंत्री अपने प्राधिकार के क्षेत्र में पूर्ण स्वायत्तता रखता है। इसके अनिवार्य परिणाम के रूप में, उसे अपने सेवकों के कार्यों का पूर्ण उत्तरदायित्व लेना चाहिए।*

निम्नलिखित आयोगों/समितियों में से किस एक ने यह प्रेक्षित किया?

(a) संथानम समिति

(b) छागला आयोग

(c) द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**60.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक महात्मा गाँधी की होम रूल की दृष्टि का, जिसकी 'हिन्द स्वराज' में रूपरेखा दी गई है, भाग **नहीं** है?

(a) संसदीय शासन

(b) सामाजिक सुधार

(c) आत्मनिर्भरता

(d) ग्राम गणराज्य

**61.** टॉमस फ्रीडमैन ने अपनी पुस्तक, *द वर्ल्ड इज़ फ्लैट* में निम्नलिखित में से किस एक पर विश्व राजनीति के एक महत्त्वपूर्ण बल के रूप में ज़ोर **नहीं** दिया है?

(a) राष्ट्र-राज्य

(b) दूर-संचार क्रान्ति

(c) इंटरनेट

(d) अन्तर्राष्ट्रीय राजनीतिक अर्थव्यवस्था

**62.** शासन को उत्तरदायी बनाने (सरकार को त्यागपत्र देने पर विवश करने) का अभिलक्षण किससे सम्बद्ध **नहीं** है?

(a) यू० एस० ए० में हाउस ऑफ रिप्रेजेन्टेटिव्स

(b) यू० के० में हाउस ऑफ कॉमन्स

(c) भारत में लोक सभा

(d) जापानी पार्लियामेन्ट में हाउस ऑफ रिप्रेजेन्टेटिव्स

**63.** भारत सरकार अधिनियम, 1935 के अनुसार, प्रान्तीय कार्यकारिणी (प्रॉविन्सियल एक्ज़ीक्यूटिव) का/के निम्नलिखित में से कौन-सा/से अभिलक्षण है/हैं?

1. प्रान्त का कार्यकारी प्राधिकार गवर्नर में निहित था
2. गवर्नर को सलाह देने के लिए मंत्रिपरिषद्
3. गवर्नर को प्रान्तीय विधानमण्डल के अविश्वास मत द्वारा हटाया जा सकता था

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

(a) 1 और 2

(b) 1 और 3

(c) 2 और 3

(d) केवल 2

**64.** Consider the following statements :

Social justice under the Indian Constitution enables the courts to uphold legislation to

1. remove economic inequalities
2. provide a decent standard of living to the working people
3. protect the interests of the weaker sections of the society
4. ensure dignity of individuals

Which of the statements given above are correct?

*(a)* 2 and 4 only

*(b)* 1 and 3 only

*(c)* 1, 2 and 3 only

*(d)* 1, 2, 3 and 4

**65.** The theory of deontology believes in

*(a)* some permanent immutable ideas

*(b)* concepts that are derived from material reality

*(c)* constructing explanations on the facts collected

*(d)* judging actions by their effects

**66.** Civic republican view of citizenship supports

*(a)* active, responsible and virtuous citizenship

*(b)* self-reliance and criticizes the Welfare State

*(c)* the view that in a class-divided society, the idea of equal citizenship is a sham

*(d)* equal rights and equal access for all

**67.** The Atlantic Charter (1941) resolved to give the right of self-determination to all

*(a)* ethnic minorities

*(b)* religious minorities

*(c)* linguistic minorities

*(d)* the colonies

**68.** The Nehru-Mahalanobis Model of India's development emphasized on

1. complementary role of private sector
2. production of heavy machines that will produce other machines
3. linking of Indian currency with Dollar
4. capital-intensive planning

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 2 and 4 only

*(c)* 1, 2 and 4

*(d)* 1, 3 and 4

**64.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

भारत के संविधान के अधीन सामाजिक न्याय न्यायालयों को यह शक्ति देता है कि वे विधान की मर्यादा

1. आर्थिक असमानताओं को हटाने के लिए बनाए रखें
2. श्रमजीवी लोगों को सन्तोषजनक जीवन-स्तर प्रदान करने के लिए बनाए रखें
3. समाज के कमजोर वर्गों के हितों के संरक्षण के लिए बनाए रखें
4. व्यक्तियों की गरिमा सुनिश्चित करने के लिए बनाए रखें

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

*(a)* केवल 2 और 4

*(b)* केवल 1 और 3

*(c)* केवल 1, 2 और 3

*(d)* 1, 2, 3 और 4

**65.** फलनिरपेक्षता का सिद्धान्त किसमें विश्वास करता है?

*(a)* कुछ स्थायी अविकारी प्रत्यय

*(b)* भौतिक वास्तविकता से व्युत्पन्न सम्प्रत्यय

*(c)* संग्रहीत तथ्यों पर आधारित व्याख्याएँ निर्मित करना

*(d)* क्रियाओं को उनके प्रभाव से आँकना

**66.** नागरिकता की नागरिक गणतंत्रीय दृष्टि किसका समर्थन करती है?

*(a)* सक्रिय, दायित्वयुक्त एवं सद्गुणी नागरिकता का

*(b)* आत्मनिर्भरता का, और कल्याणकारी राज्य की आलोचना करती है

*(c)* इस दृष्टि का कि वर्ग-विभाजित समाज में समान नागरिकता का विचार एक दिखावा है

*(d)* सभी के लिए समान अधिकारों और समान अभिगम का

**67.** एटलांटिक चार्टर (1941) ने किन्हें आत्मनिर्णय का अधिकार प्रदान करने का संकल्प पारित किया?

*(a)* सभी संजातीय अल्पसंख्यकों को

*(b)* सभी धार्मिक अल्पसंख्यकों को

*(c)* सभी भाषायी अल्पसंख्यकों को

*(d)* सभी उपनिवेशों को

**68.** भारत के विकास के नेहरू-महालनोबिस मॉडल ने

1. निजी क्षेत्रक की पूरक भूमिका पर बल दिया था
2. भारी मशीनों के उत्पादन पर, जो अन्य मशीनों का उत्पादन करेंगी, बल दिया था
3. भारतीय मुद्रा को डॉलर से सम्बद्ध करने पर बल दिया था
4. पूँजी-प्रधान योजना-निर्माण पर बल दिया था

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 2 और 4

*(c)* 1, 2 और 4

*(d)* 1, 3 और 4

**69.** Which of the following correctly indicate(s) the feature(s) of regional political parties in India?

1. Regional political parties identify with region's culture.
2. Regional political parties use regional language for their electoral gains.
3. Regional political parties invariably enter into electoral alliance with a national party.
4. Regional political parties are a post-independence political phenomenon.

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 1, 2 and 3

*(c)* 1, 3 and 4

*(d)* 2 only

**70.** Which of the following statements about rule of law in the UK are correct?

1. Principle of rule of law implies that law applies equally to all.
2. No one is above law.
3. All citizens are subject to same courts.
4. Rule of law and positive law are two opposite terms.

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 1, 3 and 4

*(c)* 1, 2 and 3

*(d)* 2 and 3 only

**71.** In India, the Right to Property was converted into a legal right from a Fundamental Right, because it

*(a)* tied the hands of the government to prevent corruption

*(b)* gave rise to litigations that made judiciary overburden

*(c)* led to severe conflict between judiciary and the Parliament

*(d)* increased public resentment

**72.** Which among the following values are common in nations of East Asian region?

1. They are oriented more around economic goals than political ones.
2. There is broad support for government.
3. There is general disposition to respect leaders because of the Confucian stress on loyalty, discipline and duty.
4. They accord central role to the individual.

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1, 2 and 3

*(b)* 2, 3 and 4

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1 and 2 only

**69.** निम्नलिखित में से कौन-सा/से, भारत में क्षेत्रीय राजनैतिक दलों के अभिलक्षणों को सही-सही निर्दिष्ट करता/करते है/हैं?

1. क्षेत्रीय राजनैतिक दल, क्षेत्र की संस्कृति से तादात्म्य स्थापित करते हैं।
2. क्षेत्रीय राजनैतिक दल अपने चुनावी लाभों के लिए क्षेत्रीय भाषा का उपयोग करते हैं।
3. क्षेत्रीय राजनैतिक दल निरपवाद रूप से किसी राष्ट्रीय दल के साथ चुनावी गठजोड़ में आते हैं।
4. क्षेत्रीय राजनैतिक दल स्वातंत्र्योत्तर राजनीतिक घटना हैं।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* 1, 2 और 3

*(c)* 1, 3 और 4

*(d)* केवल 2

**70.** यू० के० में विधि के शासन के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

1. विधि के शासन के सिद्धान्त में यह अन्तर्निहित है कि विधि सभी पर समान रूप से लागू होती है।
2. कोई भी विधि से ऊपर नहीं है।
3. सभी नागरिक समान न्यायालयों के अधीन हैं।
4. विधि का शासन और सकारात्मक विधि दो विरोधी पद हैं।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* 1, 3 और 4

*(c)* 1, 2 और 3

*(d)* केवल 2 और 3

**71.** भारत में, सम्पत्ति के अधिकार को मूल अधिकार से एक विधिक अधिकार में संपरिवर्तित किया गया, क्योंकि इसने

*(a)* भ्रष्टाचार के निवारण में सरकार के हाथ बाँध दिए

*(b)* इतने मुकदमे उत्पन्न कर दिए जिनसे न्यायपालिका पर अधिक भार पड़ गया

*(c)* न्यायपालिका और संसद् के बीच तीव्र संघर्ष की शुरूआत कर दी

*(d)* जन-विद्वेष को बढ़ा दिया

**72.** पूर्वी एशियाई क्षेत्र के राष्ट्रों में निम्नलिखित में से कौन-से मूल्य सर्वनिष्ठ हैं?

1. वे राजनीतिक लक्ष्यों की तुलना में आर्थिक लक्ष्यों की ओर अधिक अभिमुख हैं।
2. वहाँ शासन के प्रति व्यापक समर्थन है।
3. निष्ठा, अनुशासन और कर्तव्य पर कन्फ़्यूशसवादी दबाव के कारण वहाँ नेताओं का सम्मान करने की सामान्य प्रवृत्ति है।
4. वे व्यक्ति को केन्द्रीय भूमिका प्रदान करते हैं।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* 1, 2 और 3

*(b)* 2, 3 और 4

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* केवल 1 और 2

**73.** Which of the following is/are the feature(s) of consociational democracy?

1. Coalition government
2. Proportionality in political representation
3. Separation of powers between the executive and the assembly

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 2 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**74.** The Constitution of the USA and the Federalist Papers were inspired by

*(a)* the French Revolution

*(b)* the Russian Revolution

*(c)* John Stuart Mill's book, *On Liberty*

*(d)* Montesquieu's theory of separation of powers

**75.** Deliberative theory of democracy arose as a protest against

*(a)* rational choice theory

*(b)* polyarchy

*(c)* voter apathy in well-established democracies

*(d)* All of the above

**76.** Which one of the following is ***not*** correct about New Social Movements?

*(a)* They are movements of oppressed and disadvantaged

*(b)* They are more concerned with quality of life

*(c)* They use 'protest politics' as instruments

*(d)* The new political activism assumes the form of anti-globalization movement

**77.** Gandhiji used the phrase 'Himalayan Blunder' to refer to the violence during

*(a)* Rowlatt Satyagraha

*(b)* Non-Cooperation Movement

*(c)* Salt Satyagraha

*(d)* Quit India Movement

**73.** निम्नलिखित में से कौन-सा/से सहवर्तनात्मक लोकतंत्र का/के अभिलक्षण है/हैं?

1. मिली-जुली सरकार
2. राजनीतिक प्रतिनिधित्व में समानुपातिकता
3. कार्यकारिणी और विधान सभा के बीच शक्तियों का पृथक्करण

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 2

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**74.** यू० एस० ए० के संविधान और फेडरलिस्ट पेपर्स की प्रेरणा किससे मिली थी?

*(a)* फ्रांसीसी क्रान्ति

*(b)* रूसी क्रान्ति

*(c)* जॉन स्टुअर्ट मिल की पुस्तक, *ऑन लिबर्टी*

*(d)* शक्तियों के पृथक्करण का मॉन्टेस्क्यू का सिद्धान्त

**75.** लोकतंत्र का विमर्शी सिद्धान्त किसके प्रति विरोध के रूप में उद्भूत हुआ?

*(a)* तर्कसंगत वरण सिद्धान्त

*(b)* बहुतंत्र

*(c)* सुस्थापित लोकतंत्रों में मतदाता उदासीनता

*(d)* उपर्युक्त सभी

**76.** नव सामाजिक आन्दोलनों के विषय में निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही **नहीं** है?

*(a)* वे उत्पीड़ितों और सुविधा-वंचितों के आन्दोलन हैं

*(b)* वे जीवन की गुणवत्ता से अधिक सरोकार रखते हैं

*(c)* वे 'विरोध की राजनीति' का प्रयोग उपकरणों के रूप में करते हैं

*(d)* नव राजनीतिक सक्रियतावाद वैश्वीकरण-विरोधी आन्दोलन का रूप ले लेता है

**77.** गाँधीजी ने किस सत्याग्रह/आन्दोलन के दौरान हुई हिंसा को निर्दिष्ट करने के लिए 'हिमालय जैसी भूल (हिमालयन ब्लंडर)' पदबंध का प्रयोग किया?

*(a)* रौलेट सत्याग्रह

*(b)* असहयोग आन्दोलन

*(c)* नमक सत्याग्रह

*(d)* भारत छोड़ो आन्दोलन

**78.** Which of the following statements are correct?

1. Liberal feminism stands for equal rights and opportunities in public and political life.
2. Socialist feminism highlights link between female sub-ordination and the capitalist mode of production.
3. Radical feminism proclaims that the 'personal is political'.
4. Post-feminism maintains that family be abolished.

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1, 3 and 4

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1 and 2 only

*(d)* 1, 2 and 3

**79.** Which one of the following has precedence over every other motion in the Indian Parliament?

*(a)* A Joint Resolution by both the Houses

*(b)* Calling Attention Motion

*(c)* Half an Hour Discussion

*(d)* Motion under Rule 377

**80.** Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| | *List–I* | | *List–II* |
|---|---|---|---|
| A. | Development Administration | 1. | Dwight Waldo |
| B. | Administrative Development | 2. | Robert Dahl |
| C. | New Public Administration | 3. | Edward Weidner |
| D. | Comparative Government | 4. | F. W. Riggs |

*Code* :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 3 | 1 | 4 | 2 |
| *(b)* | 3 | 4 | 1 | 2 |
| *(c)* | 2 | 4 | 1 | 3 |
| *(d)* | 2 | 1 | 4 | 3 |

**81.** Which one of the following statements with respect to the doctrine of 'once a Speaker always a Speaker' is ***not*** correct?

*(a)* It is followed in the USA

*(b)* The Speaker is a consensus candidate of the Treasury Bench and the Opposition at the time of the resignation or death of the earlier Speaker

*(c)* Once becoming Speaker, he/she ceases to be a party member

*(d)* No political party fields candidate against the Speaker at the time of election

**78.** निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

1. उदारवादी नारी-अधिकारवाद का अर्थ है, सार्वजनिक और राजनीतिक जीवन में समान अधिकार और अवसर।
2. समाजवादी नारी-अधिकारवाद, महिला आश्रितता और उत्पादन के पूँजीवादी रूप के बीच सहलग्नता पर विशेष बल देता है।
3. उग्र नारी-अधिकारवाद उद्घोषणा करता है कि 'जो व्यक्तिगत है वह राजनीतिक है'।
4. उत्तर-नारी-अधिकारवाद मानता है कि परिवार का उन्मूलन हो जाना चाहिए।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* 1, 3 और 4

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 2

*(d)* 1, 2 और 3

**79.** निम्नलिखित में से कौन-सा/सी एक भारत की संसद् में प्रत्येक अन्य प्रस्ताव के ऊपर अग्रता रखता/रखती है?

*(a)* दोनों ही सदनों द्वारा संयुक्त संकल्प

*(b)* ध्यानाकर्षण प्रस्ताव

*(c)* आधे घण्टे की चर्चा

*(d)* नियम 377 के अधीन प्रस्ताव

**80.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| **सूची–I** | **सूची–II** |
|---|---|
| A. विकास प्रशासन | 1. ड्वाइट वाल्डो |
| B. प्रशासनिक विकास | 2. रॉबर्ट डहल |
| C. नवीन लोक प्रशासन | 3. एडवर्ड वीड्नर |
| D. तुलनात्मक शासन | 4. एफ० डब्ल्यू० रिग्स |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 3 | 1 | 4 | 2 |
| *(b)* | 3 | 4 | 1 | 2 |
| *(c)* | 2 | 4 | 1 | 3 |
| *(d)* | 2 | 1 | 4 | 3 |

**81.** 'एक बार अध्यक्ष (स्पीकर) तो हमेशा ही अध्यक्ष (स्पीकर)' के सिद्धान्त के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन सही **नहीं** है?

*(a)* इसका अनुसरण यू० एस० ए० में किया जाता है

*(b)* पूर्व अध्यक्ष (स्पीकर) के त्यागपत्र देने या मृत्यु हो जाने की स्थिति में, अध्यक्ष (स्पीकर), सत्ता पक्ष और विपक्ष की आम राय का उम्मीदवार होता है

*(c)* एक बार अध्यक्ष (स्पीकर) बन जाने पर वह दल का/की सदस्य नहीं रह जाता/जाती

*(d)* निर्वाचन के समय कोई भी राजनीतिक दल अध्यक्ष (स्पीकर) के खिलाफ उम्मीदवार खड़ा नहीं करता

**82.** Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| *List–I (Roots of Communalism)* | *List–II (School)* |
|---|---|
| A. The inhabitants of the subcontinent are prone to religious appeal as they are superstitious | 1. Nationalist School |
| B. Communalism is the product of the ambition of elite groups | 2. Cambridge School |
| C. Communalism resulted out of policy of divide and rule | 3. Imperialist School |
| D. Communalism resulted due to identities that emerged out of turmoil from the late 19th century | 4. Subaltern School |

*Code* :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 3 | 2 | 1 | 4 |
| *(b)* | 3 | 1 | 2 | 4 |
| *(c)* | 4 | 2 | 1 | 3 |
| *(d)* | 4 | 1 | 2 | 3 |

**83.** Herbert Marcuse's critique of advanced capitalism is based on

*(a)* traditional and orthodox Marxist reasoning

*(b)* inevitability of collapse of capitalism

*(c)* the view of the inevitability of a proletarian revolution

*(d)* description of the emergence of a one-dimensional society in which traditional means of protest become ineffective

**84.** T. E. Marshall links one person one vote for citizenship with

*(a)* social class in the context of capitalism and its by-product, the market

*(b)* suffragist movement of the nineteenth century

*(c)* emergence of Marxism

*(d)* rise of political parties

**82.** सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची–I (सम्प्रदायवाद की जड़ें) | | सूची–II (शाखा) |
|---|---|---|
| A. | उपमहाद्वीप के निवासी धार्मिक आकर्षण के प्रति प्रवण होते हैं क्योंकि वे अन्धविश्वासी होते हैं | 1. राष्ट्रवादी शाखा |
| B. | सम्प्रदायवाद अभिजन समूहों की महत्त्वाकांक्षा का परिणाम है | 2. कैम्ब्रिज शाखा |
| C. | सम्प्रदायवाद बाँटो और राज करो की नीति से जन्मा | 3. साम्राज्यवादी शाखा |
| D. | सम्प्रदायवाद, 19वीं सदी के अन्त से, विक्षोभ से उद्भूत होने वाली पहचानों के कारण पैदा हुआ | 4. उपाश्रयण शाखा |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 3 | 2 | 1 | 4 |
| *(b)* | 3 | 1 | 2 | 4 |
| *(c)* | 4 | 2 | 1 | 3 |
| *(d)* | 4 | 1 | 2 | 3 |

**83.** हर्बर्ट मारक्यूज़ के उन्नत पूँजीवाद की आलोचना किस पर आधारित है?

*(a)* परम्परागत एवं रूढ़िवादी मार्क्सवादी तर्क

*(b)* पूँजीवाद के निपात की अपरिहार्यता

*(c)* सर्वहारा क्रान्ति की अपरिहार्यता का दृष्टिकोण

*(d)* एक-विमीय समाज के, जिसमें विरोध के परम्परागत साधन अप्रभावी हो जाते हैं, उद्भव का वर्णन

**84.** टी० ई० मार्शल, नागरिकता के लिए एक व्यक्ति एक वोट को किससे जोड़ता है?

*(a)* पूँजीवाद के सन्दर्भ में सामाजिक वर्ग और इसका उपोत्पाद, बाजार

*(b)* उन्नीसवीं शताब्दी का नारीमतार्थी आन्दोलन

*(c)* मार्क्सवाद का उद्भव

*(d)* राजनीतिक दलों का प्रादुर्भाव

**85.** Which of the following is/are corollary/corollaries of the Rule of Law?

1. Ruling elite of the society must adhere to the dictates of law.
2. Law of the land should be properly notified so that the citizens know as to how it will affect them.
3. There should be no separate law for any specific category of people.

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1 only

*(d)* 1, 2 and 3

**86.** While challenging the dominant ideology of the meaning and patterns of the development models, environmental protest movements in India are

1. not being guided by any particular philosophy
2. expressing demands in one particular way
3. organizing the movements differently
4. not unanimous about the meaning and purpose of the development

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1 and 3 only

*(b)* 2, 3 and 4

*(c)* 1, 3 and 4

*(d)* 1 and 4 only

**87.** The demand for quota for women in the Indian Parliament and State Legislatures has been influenced by the success of such system in

*(a)* the UK and Canada

*(b)* Scandinavian countries

*(c)* the USA

*(d)* Australia and New Zealand

**88.** Which of the following is/are emphasized by G. Myrdal's thesis, the 'Soft State' in the context of India and other newly independent countries of Asia?

1. Deficiencies in governmental administration
2. Social and economic inequalities
3. Tradition of a stagnant society with vested interests in the status quo

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1 only

*(b)* 1 and 2 only

*(c)* 2 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**89.** Karl Popper's *Open Society and its Enemies* is a critique of

*(a)* Plato and Aristotle

*(b)* Hegel and Kant

*(c)* Marx and Weber

*(d)* Plato, Hegel and Marx

**85.** निम्नलिखित में से कौन-सा/से विधि के नियम का/के उपसाध्य है/हैं?

1. समाज के शासक अभिजनों को विधि के अधिदेशों का अनुवर्तन करना ही चाहिए।
2. देश-विधि को उचित रूप से अधिसूचित किया जाना चाहिए, ताकि नागरिकों को ज्ञात हो सके कि यह उन्हें कैसे प्रभावित करेगी।
3. लोगों के किसी विशिष्ट वर्ग के लिए कोई पृथक् विधि नहीं होनी चाहिए।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1

*(d)* 1, 2 और 3

**86.** विकास मॉडलों के अर्थ और प्रतिरूपों की प्रभावी विचारधारा को चुनौती देते समय, भारत में पर्यावरणीय विरोध आन्दोलन

1. किसी विशिष्ट दर्शन से मार्गदर्शित नहीं हो रहे हैं
2. एक विशेष रूप में ही माँगों को व्यक्त कर रहे हैं
3. आन्दोलनों को अलग-अलग रूप से संगठित कर रहे हैं
4. विकास के अर्थ और प्रयोजन के बारे में एकमत नहीं हैं

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* केवल 1 और 3

*(b)* 2, 3 और 4

*(c)* 1, 3 और 4

*(d)* केवल 1 और 4

**87.** भारत की संसद् और राज्य विधानमण्डलों में महिलाओं के लिए कोटा की माँग, किस देश/किन देशों में ऐसी प्रणालियों की सफलता से प्रभावित रही है?

*(a)* यू० के० और कनाडा

*(b)* स्कैण्डिनेवियाई देश

*(c)* यू० एस० ए०

*(d)* ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैण्ड

**88.** भारत और एशिया के अन्य नए-नए स्वतंत्र हुए देशों के सन्दर्भ में जी० मिर्डल की 'नरम राज्य (सॉफ्ट स्टेट)' की स्थापना द्वारा निम्नलिखित में से किस/किन पर बल दिया गया है?

1. शासकीय प्रशासन की न्यूनताएँ
2. सामाजिक और आर्थिक असमानताएँ
3. यथापूर्व स्थिति में निहित स्वार्थों से युक्त एक गतिहीन समाज की परम्परा

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 1 और 2

*(c)* केवल 2 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**89.** कार्ल पॉपर की रचना, *ओपन सोसायटी एण्ड इट्स एनिमीज़* निम्नलिखित में से किसकी मीमांसा है?

*(a)* प्लेटो और अरस्तू

*(b)* हीगल और काण्ट

*(c)* मार्क्स और वेबर

*(d)* प्लेटो, हीगल और मार्क्स

**90.** Consider the following issue :

*When the Parliament was in session, there was an attack by the Naxalites on a police station in Bastar region killing policemen as well as some civilians.*

Which of the following is the most appropriate tool to raise this issue in the Lok Sabha?

(a) Calling Attention Motion

(b) Discussion under Rule 377

(c) Censure Motion

(d) Short Duration Discussion

**91.** 'Feedback' process is associated with

(a) decision-making approach

(b) classical approach

(c) systems paradigm

(d) game theory

**92.** Which one of the following is a quasi-judicial authority?

(a) Central Vigilance Commissioner

(b) National Commission for Women

(c) Comptroller and Auditor General of India

(d) Administrative Tribunal

**93.** Which one of the following is ***not*** the core element identified with realism in international politics?

(a) Statism

(b) Power

(c) Prudence

(d) Economic interdependence

**94.** The term 'military industrial complex', coined by Dwight D. Eisenhower, implies

(a) the situation in all the advanced countries after the Second World War

(b) a factor that is universally developing

(c) description of the US after the Second World War

(d) description of the USSR after the Second World War

**95.** Whitehall pluralism implies that

(a) if one department ignores the interests of a particular group, that would be balanced by other agencies

(b) the State would work out modalities of fair play for all the groups

(c) the Supreme Court would be the ultimate arbiter

(d) the groups would evolve their own mechanisms of achieving their goal

**90.** निम्नलिखित वाद-पद पर विचार कीजिए :

*जब संसद् का सत्र चल रहा था, बस्तर क्षेत्र में एक पुलिस थाने पर नक्सलवादियों का आक्रमण हुआ जिसमें पुलिस के साथ-साथ कुछ नागरिक भी मारे गए।*

लोक सभा में इस वाद-पद को उठाने के लिए सर्वाधिक उपयुक्त उपकरण निम्नलिखित में से कौन-सा है?

(a) ध्यानाकर्षण प्रस्ताव

(b) नियम 377 के अन्तर्गत चर्चा

(c) निन्दा प्रस्ताव

(d) अल्पावधि चर्चा

**91.** 'प्रतिपुष्टि' की प्रक्रिया निंम्नलिखित में से किससे सम्बद्ध है?

(a) निर्णय-निर्माण उपागम

(b) क्लासिकी उपागम

(c) व्यवस्था प्रतिमान (सिस्टम्स पैराडाइम)

(d) खेल सिद्धान्त

**92.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक अर्ध-न्यायिक प्राधिकरण है?

(a) केन्द्रीय सतर्कता आयुक्त

(b) राष्ट्रीय महिला आयोग

(c) भारत का नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक

(d) प्रशासनिक अधिकरण

**93.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति में यथार्थवाद से अभिज्ञात मूल तत्त्व **नहीं** है?

(a) राज्यवाद

(b) शक्ति

(c) दूरदर्शिता

(d) आर्थिक परस्पर-निर्भरता

**94.** ड्वाइट डी० आइजनहॉवर द्वारा गढ़े गये पद 'सैन्य औद्योगिक संकुल' से क्या आशय है?

(a) द्वितीय विश्व-युद्ध के पश्चात् सभी उन्नत देशों की स्थिति

(b) एक ऐसा कारक जो सार्वभौमिक रूप से विकसित हो रहा है

(c) द्वितीय विश्व-युद्ध के पश्चात् यू० एस० का विवरण

(d) द्वितीय विश्व-युद्ध के पश्चात् यू० एस० एस० आर० का विवरण

**95.** ह्वाइटहाल बहुलवाद से क्या आशय है?

(a) यदि एक विभाग किसी विशिष्ट समूह के हितों की उपेक्षा करता है, तो अन्य अभिकरण उसे सन्तुलित करेंगे

(b) राज्य सभी समूहों के लिए निष्पक्ष व्यवहार की रीतियाँ बनाएगा

(c) उच्चतम न्यायालय अन्तिम विवाचक होगा

(d) समूह अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए अपनी स्वयं की युक्तियाँ विकसित करेंगे

**96.** Which one of the following is the right sequence of the important events in the history of the European Union?

*(a)* Maastricht Treaty, Amsterdam Treaty, Nice Treaty, Paris Treaty

*(b)* Paris Treaty, Rome Treaty, Nice Treaty, Maastricht Treaty

*(c)* Paris Treaty, Maastricht Treaty, Amsterdam Treaty, Nice Treaty

*(d)* Amsterdam Treaty, Maastricht Treaty, Paris Treaty, Nice Treaty

**97.** Which one of the following pairs is ***not*** correctly matched?

| | | | |
|---|---|---|---|
| *(a)* | Neo-Marxist Globalists | : | William Tabb and Wood |
| *(b)* | Historical Globalists | : | Hirst and Thompson |
| *(c)* | Cosmopolitan Globalists | : | David Held and Rajani Kothari |
| *(d)* | Neo-liberal Globalists | : | Martin Albrow and Manual Castells |

**98.** 'Zero Hour' in Indian parliamentary system implies the

*(a)* exact time when the question hour ends

*(b)* time between question hour and next item on the agenda when the members raise any matter without permission of the Chair

*(c)* time allotted for informal discussion between two stages of discussion on a bill

*(d)* specific time allotted for a discussion on budget

**99.** Which of the following statements is/are correct?

1. 42nd Amendment to the Constitution of India gave primacy to Directive Principles over Fundamental Rights.
2. Minerva Mills case ruled that there has to be a balance between Part III and Part IV of the Constitution.
3. National Commission for Review of the Constitution has recommended that Directive Principles be made justiceable.

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1 and 2

*(b)* 2 and 3

*(c)* 1 and 3

*(d)* 2 only

**96.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक यूरोपीय संघ के इतिहास में महत्त्वपूर्ण घटनाओं का सही अनुक्रम है?

*(a)* मास्ट्रिख्ट संधि, ऐम्सटर्डम संधि, नाइस संधि, पेरिस संधि

*(b)* पेरिस संधि, रोम संधि, नाइस संधि, मास्ट्रिख्ट संधि

*(c)* पेरिस संधि, मास्ट्रिख्ट संधि, ऐम्सटर्डम संधि, नाइस संधि

*(d)* ऐम्सटर्डम संधि, मास्ट्रिख्ट संधि, पेरिस संधि, नाइस संधि

**97.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक युग्म सुमेलित **नहीं** है?

*(a)* नव-मार्क्सवादी सार्वभौमिकतावादी : विलियम टाब और वुड

*(b)* ऐतिहासिक सार्वभौमिकतावादी : हर्स्ट और थॉम्पसन

*(c)* विश्वजनीन सार्वभौमिकतावादी : डेविड हेल्ड और रजनी कोठारी

*(d)* नव-उदार सार्वभौमिकतावादी : मार्टिन एल्ब्रो और मैन्यूअल कैस्टेल्स

**98.** भारत की संसदीय प्रणाली में 'शून्य काल' का आशय क्या है?

*(a)* वह ठीक समय जब प्रश्न काल समाप्त होता है

*(b)* प्रश्न काल और कार्यसूची की अगली मद के बीच का समय जब सदस्य अध्यक्ष की अनुमति के बगैर कोई विषय उठाते हैं

*(c)* किसी विधेयक पर चर्चा के दो चरणों के बीच अनौपचारिक चर्चा के लिए आबंटित समय

*(d)* बजट पर चर्चा के लिए आबंटित विशिष्ट समय

**99.** निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. भारत के संविधान के 42वें संशोधन ने मौलिक अधिकारों पर निदेशक तत्त्वों को प्राथमिकता दी।
2. मिनर्वा मिल्स वाद ने यह व्यवस्था दी कि संविधान के भाग III और भाग IV के बीच सन्तुलन होना ही चाहिए।
3. संविधान के पुनरीक्षण हेतु राष्ट्रीय आयोग ने यह संस्तुति की कि निदेशक तत्त्वों को न्याययोग्य बनाया जाना चाहिए।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* 1 और 2

*(b)* 2 और 3

*(c)* 1 और 3

*(d)* केवल 2

**100.** Which one of the following does ***not*** come under the concept of Non-alignment?

(a) Foreign aid from all available sources

(b) Non-involvement in military alliances formulated in the context of Cold War

(c) To have faith in isolationism

(d) A demand for a better deal from the North Countries or South Countries

**101.** Which of the following is ***not*** correct with regard to the Speaker of the Lok Sabha?

(a) The Speaker certifies whether a particular bill is Money Bill or not

(b) Discussion on a motion for the removal of the Speaker is presided over by the Vice-President

(c) The Speaker has power to curtail or cancel the Zero Hour

(d) The Speaker nominates chairpersons of various committees

**102.** Internationalists believe that

1. the ties that bind the peoples of the world are stronger than those that separate them
2. political structure can be constructed to command the allegiance of all the peoples of the world
3. nation is the sole legitimate unit of political rule

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

(a) 1 and 2

(b) 1 and 3

(c) 2 and 3

(d) 2 only

**103.** The term 'Colourable Legislation' implies

(a) a legislation which is openly and directly out of the purview of the legislature

(b) a Statute passed by the legislature purporting to act within the limits of its powers, but in substance and in reality it has transgressed these powers

(c) a legislation aimed at reducing the power of judiciary

(d) any law that is fit to be declared as *ultra vires* by the judiciary

**100.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक गुट-निरपेक्षता की संकल्पना के अधीन **नहीं** आता?

*(a)* सभी उपलब्ध स्रोतों से विदेशी सहायता

*(b)* शीत-युद्ध के सन्दर्भ में बने सैन्य-गठजोड़ों में शामिल न होना

*(c)* निःसंगतावाद में आस्था रखना

*(d)* उत्तरी देशों अथवा दक्षिणी देशों से एक बेहतर व्यवहार की माँग करना

**101.** लोक सभा के अध्यक्ष के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही **नहीं** है?

*(a)* अध्यक्ष प्रमाणित करता है कि कोई विशिष्ट विधेयक धनविधेयक है या नहीं

*(b)* अध्यक्ष को हटाने के लिए प्रस्ताव पर चर्चा की अध्यक्षता उपराष्ट्रपति करता है

*(c)* अध्यक्ष के पास शून्य काल को कम करने या निरस्त करने की शक्ति है

*(d)* अध्यक्ष विभिन्न समितियों के अध्यक्षों को नामित करता है

**102.** अन्तर्राष्ट्रीयतावादियों का विश्वास है कि

1. विश्व के लोगों को बाँधने वाले बन्धन उन बन्धनों से मजबूत होते हैं जो उन्हें पृथक् करते हैं
2. विश्व के सभी लोगों की निष्ठा को आदिष्ट करने वाली राजनीतिक संरचना निर्मित की जा सकती है
3. राष्ट्र राजनीतिक शासन की एकमात्र वैध इकाई है

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* 1 और 2

*(b)* 1 और 3

*(c)* 2 और 3

*(d)* केवल 2

**103.** 'आभासी विधान' पद से क्या आशय है?

*(a)* ऐसा विधान जो खुले और प्रत्यक्ष तौर पर विधानमण्डल के कार्यक्षेत्र के बाहर हो

*(b)* विधानमण्डल द्वारा पारित संविधि जिसका अभिप्रेत उसकी शक्ति की सीमाओं के भीतर रहकर कार्य करना हो, परन्तु सार और यथार्थता में वह उन शक्तियों को अतिक्रमित कर चुका हो

*(c)* ऐसा विधान जिसका लक्ष्य न्यायपालिका की शक्ति को कम करना हो

*(d)* कोई विधि जो न्यायपालिका द्वारा शक्ति-बाह्य घोषित किए जाने योग्य है

**104.** The dependency theory emphasized on close cooperation

(a) between the advanced and the Third World countries

(b) among the Third World countries

(c) among countries of a region

(d) among the advanced countries

**105.** The Government of India Act, 1919 was based upon

(a) Morley-Minto Reforms

(b) Montagu-Chelmsford Report

(c) Ramsay MacDonald Award

(d) Nehru Report

**106.** Which of the following provisions of the Constitution of India was/were given immediate effect, i.e., from November 26, 1949?

1. Citizenship
2. Emergency provisions
3. Elections
4. Federal system

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

(a) 1 only

(b) 2 and 3

(c) 1 and 4

(d) 1 and 3

**107.** The philosophical postulates of the Constitution of India are based on

(a) Nehru Report, 1928

(b) Objective Resolution of Pundit Nehru, 1947

(c) Mahatma Gandhi's article 'Independence' in 'Young India', 1922

(d) Indian National Congress's Resolution for Complete Independence, 1929

**108.** Which among the following with respect to the Cabinet Mission's Plan of 16th May, 1946 was/were correct?

1. The Union should have an Executive and a Legislative constituted from British Indian and States representatives.
2. Provinces should be free to form groups with executives and legislatures, and each group could determine the provisional subjects to be taken in common.

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**104.** निर्भरता सिद्धान्त ने किनके बीच निकट सहयोग पर बल दिया?

(a) उन्नत एवं तृतीय विश्व देशों के बीच

(b) तृतीय विश्व देशों के बीच

(c) एक क्षेत्र के देशों के बीच

(d) उन्नत देशों के बीच

**105.** भारत सरकार अधिनियम, 1919 किस पर आधारित था?

(a) मोर्ले-मिन्टो सुधार

(b) मोन्टेग्यू-चेम्सफोर्ड रिपोर्ट

(c) रैमसे मैक्डोनाल्ड एवार्ड

(d) नेहरू रिपोर्ट

**106.** भारत के संविधान के निम्नलिखित में से कौन-सा/से उपबन्ध तत्काल प्रभाव से, अर्थात् 26 नवम्बर, 1949 से, प्रवृत्त हुआ था/हुए थे?

1. नागरिकता
2. आपात उपबन्ध
3. निर्वाचन
4. संघीय प्रणाली

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

(a) केवल 1

(b) 2 और 3

(c) 1 और 4

(d) 1 और 3

**107.** भारत के संविधान के दार्शनिक अभ्युपगम किस पर आधारित हैं?

(a) नेहरू रिपोर्ट, 1928

(b) पं० नेहरू का उद्देश्य संकल्प (ऑब्जेक्टिव रिज़ोल्यूशन), 1947

(c) 'यंग इण्डिया', 1922 में महात्मा गाँधी का लेख 'इण्डिपेन्डेन्स'

(d) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का पूर्ण स्वराज्य के लिए संकल्प, 1929

**108.** 16 मई, 1946 की कैबिनेट मिशन योजना के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/से सही था/थे?

1. संघ में ब्रिटिश भारतीय और राज्यों के प्रतिनिधियों से निर्मित कार्यपालिका और विधानमण्डल होने चाहिए।
2. प्रान्तों को कार्यपालिकाओं और विधानमण्डलों के साथ समूह बनाने की स्वतंत्रता होनी चाहिए और प्रत्येक समूह द्वारा साझे तौर पर लिए जाने वाले अस्थायी विषयों को निर्धारित किया जा सकता हो।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

**109.** Who among the following was ***not*** a co-founder of the Arab Ba'ath Party founded in 1947?

*(a)* Michel Aflaq

*(b)* Salah al-Din Bitar

*(c)* Jamal Abd al-Nasir

*(d)* Zaki al-Arsuzi

**110.** Consider the following statements about the Treaty of ANZUS, signed by Australia, New Zealand and the US in 1951 :

1. The Treaty was signed with the aim of discouraging communist expansion.
2. ANZUS was superseded by the broader-based NATO.
3. ANZUS was used by the USA to put pressure on Australia and New Zealand to become more involved in the Vietnam War.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 1 and 3 only

*(c)* 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**111.** Which among the following is characterized by independence in its relations with other agents, both domestic and foreign?

*(a)* Liberty

*(b)* Rights

*(c)* Authority

*(d)* Sovereignty

**112.** Pluralist theory of sovereignty believes in

*(a)* distribution of sovereign power

*(b)* concentration of sovereign power

*(c)* both distribution and concentration of sovereign power

*(d)* unlimited sovereign power

**113.** Which one of the following is ***not*** correct with regard to Republic of South Africa?

*(a)* Election of President with the system of proportional representation

*(b)* Supremacy of the Constitution

*(c)* Universal adult suffrage

*(d)* Multi-party system

**109.** 1947 में संस्थापित अरब बाथ पार्टी का निम्नलिखित में से कौन एक सह-संस्थापक **नहीं** था?

*(a)* मिशेल अफ्लाक़

*(b)* सलह अल-दिन बितर

*(c)* जमाल अब्द अल-नासिर

*(d)* ज़की अल-अरसूज़ी

**110.** 1951 में ऑस्ट्रेलिया, न्यूज़ीलैण्ड और यू० एस० द्वारा हस्ताक्षरित ANZUS की संधि के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. यह संधि साम्यवादी प्रसार को हतोत्साहित करने के लक्ष्य से हस्ताक्षरित हुई थी।
2. ANZUS का, अपेक्षाकृत अधिक व्यापक आधार वाले NATO ने अधिक्रमण किया।
3. यू० एस० ए० ने ANZUS का उपयोग, ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैण्ड पर वियतनाम युद्ध में और अधिक सम्बद्ध होने के लिए दबाव डालने हेतु किया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 1 और 3

*(c)* केवल 3

*(d)* 1, 2 और 3

**111.** निम्नलिखित में से कौन-सा, गृह एवं विदेशी दोनों में, अन्य अभिकरणों के साथ अपने सम्बन्धों में स्वतंत्रता (इण्डिपेन्डेन्स) द्वारा विशेषीकृत है?

*(a)* स्वाधीनता (लिबर्टी)

*(b)* अधिकार

*(c)* प्राधिकार

*(d)* सम्प्रभुता

**112.** सम्प्रभुता का बहुलवादी सिद्धान्त किसमें विश्वास करता है?

*(a)* सम्प्रभु शक्ति का वितरण

*(b)* सम्प्रभु शक्ति का संकेन्द्रण

*(c)* सम्प्रभु शक्ति का वितरण और संकेन्द्रण दोनों

*(d)* असीमित सम्प्रभु शक्ति

**113.** दक्षिण अफ्रीका गणराज्य के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही **नहीं** है?

*(a)* आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली वाला राष्ट्रपति का निर्वाचन

*(b)* संविधान की सर्वोच्चता

*(c)* सार्वजनीन वयस्क मताधिकार

*(d)* बहुदलीय प्रणाली

**114.** Consider the following statements about the Finance Commission of India :

1. The duty of the Finance Commission is to make recommendations as to the distribution of revenue resources between the Union and the States.
2. It is appointed every fifth year by the President of India.
3. It raises revenue for Central financial transfers to the States.
4. It borrows money from the market for Central grants to the States.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 1, 2 and 3

*(c)* 1 only

*(d)* 2 and 4

**115.** Which one of the following statements about the Right to Property in India is correct?

*(a)* It is a legal right under Article 300 A of the Constitution of India

*(b)* It is a customary right

*(c)* It is a natural right

*(d)* None of the above

**116.** Who among the following are the members of the Inter-State Council (Article 263)?

*(a)* Chief Ministers of the States/ Administrators of the Union Territories

*(b)* The Prime Minister, all the Chief Ministers of the States/ Administrators of the Union Territories

*(c)* The Prime Minister, Six Union Cabinet Ministers and all the Chief Ministers of the States/Administrators of the Union Territories

*(d)* The Prime Minister, Leader of the opposition in the Lok Sabha and all the Members of the Rajya Sabha

**117.** Which of the following statements on Zonal Councils are correct?

1. They owe their existence to the Constitution of India.
2. There are five Zonal Councils in India.
3. They coordinate relations among the governments of the States and Union Territories and the Government of India.
4. They are set up under the States Reorganization Act, 1956.

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1, 2 and 3

*(b)* 2, 3 and 4

*(c)* 3 and 4 only

*(d)* 2 and 4 only

114. भारत के वित्त आयोग के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. वित्त आयोग का कार्य संघ और राज्यों के बीच राजस्व संसाधनों के वितरण के विषय में संस्तुति देना है।
2. यह भारत के राष्ट्रपति द्वारा प्रत्येक पाँचवें वर्ष नियुक्त किया जाता है।
3. यह राज्यों को किए जाने वाले केन्द्रीय वित्तीय अन्तरणों के लिए राजस्व की उगाही करता है।
4. यह राज्यों को दिए जाने वाले केन्द्रीय अनुदानों के लिए बाजार से धन उधार लेता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* 1, 2 और 3

*(c)* केवल 1

*(d)* 2 और 4

115. भारत में सम्पत्ति के अधिकार के विषय में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही है?

*(a)* यह भारतीय संविधान के अनुच्छेद 300 A के अधीन एक कानूनी अधिकार है

*(b)* यह एक प्रथागत अधिकार है

*(c)* यह एक नैसर्गिक अधिकार है

*(d)* उपर्युक्त में से कोई नहीं

116. निम्नलिखित में से कौन अन्तर्राज्य परिषद् (अनुच्छेद 263) के सदस्य हैं?

*(a)* राज्यों के मुख्यमंत्री/संघ राज्यक्षेत्रों के प्रशासक

*(b)* प्रधानमंत्री, सभी राज्यों के मुख्यमंत्री/सभी संघ राज्यक्षेत्रों के प्रशासक

*(c)* प्रधानमंत्री, छः संघीय मंत्रिमंडल सदस्य तथा सभी राज्यों के मुख्यमंत्री/सभी संघ राज्यक्षेत्रों के प्रशासक

*(d)* प्रधानमंत्री, लोक सभा में विपक्ष का नेता और राज्य सभा के सभी सदस्य

117. निम्नलिखित कथनों में से कौन-से क्षेत्रीय परिषदों के बारे में सही हैं?

1. उनका अस्तित्व भारत के संविधान के कारण है।
2. भारत में पाँच क्षेत्रीय परिषद् हैं।
3. वे भारत सरकार और राज्यों व संघ राज्यक्षेत्रों की सरकारों के बीच सम्बन्धों को समन्वित करती हैं।
4. उनकी स्थापना राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 1956 के अधीन हुई है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* 1, 2 और 3

*(b)* 2, 3 और 4

*(c)* केवल 3 और 4

*(d)* केवल 2 और 4

**118.** What is the objective/function of the National Development Council?

*(a)* To approve the Five-Year Plans made by the Planning Commission with inputs from the Union and the State Governments

*(b)* To settle economic disputes among the Union and the State Governments

*(c)* To settle inter-ministerial disputes in the Union Government

*(d)* To settle inter-ministerial disputes in the State Governments

**119.** The Legislative Assembly of a State can pass a resolution to abolish or create a Legislative Council in the State by a

*(a)* majority of not less than 2/3 of the members of the Legislative Council present and voting

*(b)* majority of not less than 1/3 of the members of the Legislative Assembly present and voting

*(c)* majority of the total membership of the Legislative Assembly and by a majority of not less than 2/3 of the members present and voting

*(d)* simple majority of the members of the State Legislative Assembly

**120.** Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| *List–I (Name of the Writ)* | *List–II (Issued for)* |
|---|---|
| A. Mandamus | 1. To quash the order of the tribunal |
| B. Prohibition | 2. To command a person to perform his legal duty |
| C. Certiorari | 3. Safeguarding against the usurpation of public offices |
| D. Quo Warranto | 4. Forbidding the inferior court in excess of its jurisdiction |

*Code* :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 3 | 4 | 1 | 2 |
| *(b)* | 3 | 1 | 4 | 2 |
| *(c)* | 2 | 4 | 1 | 3 |
| *(d)* | 2 | 1 | 4 | 3 |

**118.** राष्ट्रीय विकास परिषद् का उद्देश्य/कार्य क्या है?

(a) संघ और राज्य सरकारों की निविष्टियों के साथ योजना आयोग द्वारा बनाई गई पंचवर्षीय योजनाओं का अनुमोदन

(b) संघ और राज्य सरकारों के बीच आर्थिक विवादों को निपटाना

(c) संघ सरकार में अन्तर-मंत्रालयी विवादों को निपटाना

(d) राज्य सरकारों में अन्तर-मंत्रालयी विवादों को निपटाना

**119.** किसी राज्य की विधान सभा उस राज्य में विधान परिषद् के उत्सादन या सृजन का प्रस्ताव किस प्रकार पारित कर सकती है?

(a) विधान परिषद् के कम-से-कम दो-तिहाई उपस्थित तथा मत देने वाले सदस्यों के बहुमत द्वारा

(b) विधान सभा के कम-से-कम एक-तिहाई उपस्थित तथा मत देने वाले सदस्यों के बहुमत द्वारा

(c) विधान सभा की कुल सदस्य संख्या के बहुमत और उपस्थित तथा मत देने वाले सदस्यों के कम-से-कम दो-तिहाई बहुमत द्वारा

(d) राज्य विधान सभा के सदस्यों के सामान्य बहुमत द्वारा

**120.** सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| **सूची–I (रिट का नाम)** | **सूची–II (जिसके लिए जारी)** |
|---|---|
| A. परमादेश | 1. अधिकरण के आदेश को अभिखण्डित करने के लिए |
| B. प्रतिषेध | 2. किसी व्यक्ति को उसके कानूनी कर्तव्य की पूर्ति के समादेश के लिए |
| C. उत्प्रेषण | 3. लोक पद के बलातृग्रहण के विरुद्ध सुरक्षण के लिए |
| D. अधिकार पृच्छा | 4. अवर न्यायालय की अधिकारिता के अतिक्रमण के निषेध के लिए |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (b) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (c) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (d) | 2 | 1 | 4 | 3 |

## SPACE FOR ROUGH WORK

**SPACE FOR ROUGH WORK**

★ ★ ★

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

**टी.बी.सी. : N–DTQ–K–RQU** **परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम**

**क्रम संख्या** 52441

# परीक्षण पुस्तिका

**A**

## राजनीति विज्ञान

**समय : दो घण्टे** **पूर्णांक : 300**

## अ नु दे श

1. **परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश आदि न हो। यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लीजिए।**
2. **उत्तर-पत्रक में सही स्थान पर परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम A, B, C या D यथास्थिति स्पष्ट रूप से कूटबद्ध कीजिए।**
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है। परीक्षण पुस्तिका पर **और कुछ न** लिखें।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **120** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्नांश **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपा है। प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं। इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं। यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्नांश के लिए **केवल एक ही** प्रत्युत्तर चुनना है।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर ही अंकित करने हैं। उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखिए।
6. सभी प्रश्नांशों के अंक समान हैं।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर **केवल उत्तर-पत्रक** अधीक्षक को सौंप दें। आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक परीक्षण पुस्तिका के अन्त में संलग्न हैं।
10. **गलत उत्तरों के लिए दण्ड :**

    **वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा।**

    (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई (0·33)** दण्ड के रूप में काटा जाएगा।

    (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **गलत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा।

    (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दण्ड नहीं** दिया जाएगा।

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

*Note* : English version of the instructions is printed on the front cover of this Booklet.